माघ शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 246 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
20 फरवरी 2024 मंगलवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
29 अधिकतम
17 न्यूनतम



Page- 7

पीएम ने की 78 परियोजनाओं की डिजिटल लॉन्चिंग

## मप्र की 8 यूनिवर्सिटी को 400 करोड़ की सौगात

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पीएम उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत 78 परियोजनाओं की डिजिटल लॉन्चिंग की।





वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भोपाल के बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में हुए कार्यक्रम से जुड़े। ज्ञान-विज्ञान भवन में राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में पीएम मोदी ने प्रदेश की 8 यूनिवर्सिटी को 400 करोड़ रुपए दिए। इनसे अलग-अलग प्रोजेक्ट पर काम होंगे। विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए शिक्षा मंत्रालय ने पीएम- उषा की शुरुआत की है। पीएम उषा योजना के तहत दो घटकों में प्रदेश के आठ विश्वविद्यालयों को 400 करोड़ रुपये की अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को इसके तहत 100 करोड़ रुपये का अनुदान मिला है। इसके अतिरिक्त विक्रम उज्जैन और जीवाजी , ग्वालियर को भी 100-100 करोड़ रुपये अनुदान राशि मिलेगी। वहीं प्रदेश के 05 विश्वविद्यालयों देवी अहिल्या रानी दुर्गावती विवि, अवधेश प्रताप सिंह विवि आदि को ग्रांट मिले।

## टाटा ग्रुप की वैल्यू पाक की कुल जीडीपी से ज्यादा हुई!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में टाटा समूह के आइकॉनिक होटल ताज पर हमला और आग के बाद भारी नुकसान के बाद पाकिस्तान भले ही मुस्कुराता रहा हो लेकिन अब अपनी बबार्दी के आंसू रो रहा है। टाटा ग्रुप ने आज पाकिस्तान को उसकी औकात बता दी है। टाटा ग्रुप के कंपनियों की वैल्यू बढ़कर 365 अरब डॉलर पहुंच गयी है। जबकि पाकिस्तान की कुल जीडीपी 341 अरब डॉलर के करीब है। यानी टाटा की कंपनियों की कुल संपत्ति से 24 अरब डॉलर कम। टाटा ग्रुप की 25 से ज्यादा तो लिस्टेड कंपनियां हैं। तब मुंबई पर आतंकी हमला करवाकर पाकिस्तान खुश हो रहा था लेकिन आज वह बदहाल व कंगाल है। स्थिति ये हो गई है कि उसे कोई कर्ज देने वाला नहीं है।जबकि हमले के जख्मों से सीख लेकर भारत आज दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था में शुमार हो रहा है।




वर्ष 2008 में 26 नवंबर को अचानक पाकिस्तान से आए आतंकियों ने ताज पर हमला कर दिया था। अरब सागर के तट पर शान से खड़े ताज होटल के अंदर गोलियों की तड़तड़ाहट थी। देखते ही देखते इस मशहूर होटल के गुंबद को आतंकियों ने आग के हवाले कर दिया था। ब पूरा गुंबद धू-धू कर जलने लगा। इस क्रूर आतंकी घटना में 166 लोग मारे गए। टाटा ग्रुप के इस मशहूर होटल को इस हमले के बाद बंद कर दिया गया था और करीब एक साल की मेहनत के बाद ये होटल फिर से सिर उठाकर समुंदर किनारे खड़ा है।

पूर्व सीएम के पौधारोपण संकल्प के 1095 दिन पूरे होने पर सम्मेलन

# नया मिशन... शिवराज के साथ मुख्यमंत्री मोहन ने रोपा पौधा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र में विधानसभा चुनावों के बाद लोकसभा चुनाव के ठीक पहले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज संभवतः पहली बार फिर पूरी रौ में नजर आए। मौका था उनके प्रतिदिन पौधारोपण करने के संकल्प को आज तीन साल पूरे होने का। इस मौके पर पर्यावरण सम्मेलन आयोजित किया गया और इस पूरे आयोजन में शिवराज के साथ मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद रहे। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, राज्यमंत्री कृष्णा गौर, पर्यावरणविद अनिल प्रकाश जोशी सहित देशभर के जाने-माने पर्यावरणविद और सामाजिक कार्यकर्ता भी इसमें मौजूद रहे। इससे पहले स्मार्ट सिटी पार्क में पूर्व शिवराज ने इन सभी के साथ पौधारोपण किया। गौरतलब है कि शिवराज ने 19 फरवरी 2021 को नर्मदा जयंती के दिन अमरकंटक में प्रतिदिन पौधारोपण का संकल्प लिया था। उन्होंने इसे जीवन का मिशन बनाकर प्रतिदिन पौधारोपण के संकल्प को जारी रखा। इसी कड़ी में पौधारोपण को जन-जन का अभियान बनाने के लिए पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन किया गया। शिवराज ने 1095 दिनों में तीन हजार 238 पौधे रोपे। उनके साथ अब तक दो हजार से अधिक लोग पौधारोपण कर चुके हैं।


लोस मिशन के पहले मिशन


कांग्रेस का डैमेज कंट्रोल

### इधर कांग्रेस की तैयारी, राहुल यात्रा से पहले वन टू वन

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आगामी दो मार्च को राजस्थान के धौलपुर से मध्य प्रदेश के मुरैना में प्रवेश कर रही है। हाल में पार्टी के भीतर रहे सियासी बवंडर के बाद पार्टी यात्रा को जोरदार बनाने में जुटी है। प्रभारी महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह आज भोपाल पहुंचे हैं और कमलनाथ भी वीडियो कांफ्रेस के जरिये इस यात्रा संबंधी बैठक को संबोधित कर रहे हैं। सिंह आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ यात्रा के लिये बनीं विभिन्न समितियों के सदस्यों के साथ चर्चा कर तैयारियों को अंतिम रूप देंगे। वे इस दौरान कुछ नेता व विधायकों के साथ अलग अलग चर्चा भी करेंगे। माना जा रहा है कि यह चर्चा हाल में कमलनाथ के भाजपा में जाने की संभवनाओं से उठे बवाल के बाद बेहद महत्वपूर्ण है। पार्टी यहां अपने नेताओं व कार्यकर्ताओं का मूड टटोलने में जुटी है। यहां मीडिया से बात करते हुए जितेंद्र सिंह ने कहा कि जो कांग्रेस नेता पार्टी की रीति नीति से सहमत नहीं हैं,उसके पार्टी से बाहर जाने के दरवाजे खुले हुए हैं।

## यूपी में तीन सीटों पर रार, गठबंधन के करार में दरार

राहुल की यात्रा में शामिल नहीं होंगे अखिलेश

**नई दिल्ली , एजेंसी।** इंडिया गठबंधन में सियासी पेंच उलझते जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल में टीएमसी के अकेले चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद अब उत्तरप्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच टिकटों के बंटवारे को लेकर पेंच फंस गया है। उत्तरप्रदेश से गुजर रही कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से समाजवादी पार्टी (सपा) ने पहले अमेठी में दूरी बनाई। अब सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दो टूक कह दिया कि गठबंधन फाइनल नहीं हुआ तो वे राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल नहीं होंगे। अखिलेश रायबरेली में न्याय यात्रा का हिस्सा बनने वाले थे। अब तीन सीटों पर मची रार ने गठबंधन की करार में दरार पैदा कर दी है।



**इन सीटों पर रारः** सपा ने कांग्रेस को 17 लोकसभा सीटों पर लड़ने का ऑफर दिया था। कांग्रेस मुरादाबाद, बलिया और बिजनौर सीट भी मांग रही है। सपा इस पर तैयार नहीं है।

### शाह की मानहानि में राहुल को जमानत

**लखनऊ।** पांच साल पहले गुजरात में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर की कई कथित टिप्पणी के मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को जमानत मिल गई। सुल्तानपुर की कोर्ट ने उन्हें 25-25 हजार के दो बॉन्ड पर जमानत दी है। उत्तरप्रदेश के सुल्तानपुर के भाजपा नेता विजय मिश्र ने 4 अगस्त 2018 को मानहानि का केस दर्ज कराया था। राहुल ने 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान कहा था कि जो पार्टी ईमानदारी की बात करती है, उसका अध्यक्ष हत्या का आरोपी है।

## ब्रिटेन ने स्कूल में मोबाइल पर लगाया बैन, सुनक ने कहा-सबसे बड़ी समस्या

**नई दिल्ली , एजेंसी।** मोबाइल फोन की लत और इससे होने वाली परेशानी से तंग आकर ब्रिटेन ने स्कूलों में इस पर बैन लगा दिया है। ब्रिटेन के इस फैसले के बाद कई देशों में इस पर चर्चा होने लगी है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने एक्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए इसकी घोषणा की है।



ऋषि सुनक ने बहुत ही क्रिएटिव वीडियो शेयर किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि बार-बार उनका फोन बज रहा है। ऋषि सुनक ने वीडियो के जरिए यह दिखाने की कोशिश की है कि मोबाइल के कारण क्लासरूम में किस तरह से परेशानी हो रही है। वीडियो में देखा जा सकता है कि वे बार-बार बात करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन बीच में उनका फोन बज उठता है। तीन बार फोन के बजने के बाद सुनक फोन को जेब से निकालकर साइड में रख देते हैं और कहते हैं कि देखिए यह कितना निराशाजनक है। पीएम ने अपने एक दूसरे में बयान में कहा है कि करीब एक तिहाई माध्यमिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कहा कि फोन के कारण उनकी पढ़ाई बाधित हुई है। हम जानते हैं कि वे (मोबाइल फोन) कक्षा में ध्यान भटकाते हैं और स्कूलों में बदमाशी का कारण बनते हैं। कई स्कूलों ने पहले ही उन पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे उनके छात्रों के लिए सीखने का सुरक्षित और बेहतर माहौल तैयार हुआ है। स्कूलों में मोबाइल बैन को लेकर नई गाइडलाइन भी जारी की गई है। पीएम का कहना है कि हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारे बच्चों को वह शिक्षा मिले जिसके वे हकदार हैं।

### हूती हमलेः भारत से यूरोप डीजल भेजना महंगा



**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत से यूरोप में डीजल का शिपमेंट 2022 के बाद इस माह सबसे कम हो गया। मर्चेंट शिपिंग पर हो रहे हूती हमलों से अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभावित हो रहे हैं। लाल सागर में चल रही उथल-पुथल के बीच पश्चिम के बजाय पूर्व में कार्गो भेजना बेहतर हो गया है। इससे यूरोपीय संघ और ब्रिटेन में कार्गो का प्रवाह काफी कम हो गया है। ब्लूमबर्ग के संकलित वोर्टेक्स लिमिटेड के आंकड़े बताते हैं, फरवरी के पहले दो हफ्तों में यूरोप में भारत आने वाले ईंधन की आवक औसतन 18,000 बैरल प्रति दिन रही। जनवरी के औसत की तुलना में 90 फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। स्पार्टा कॉमोडिटीज के विश्लेषक जेम्स नोएल-बेसविक की मानें तो शिपिंग की लागत बढ़ने से यूरोप में डीजल शिपमेंट घटी है।

### अभिनेता ऋतुराज सिंह का निधन

**मुबंई, एजेंसी।** टीवी व फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर अभिनेता ऋतुराज सिंह का निधन हो गया है। उनकी उम्र 59 साल थी। बताया जाता है कि कार्डियक अरेस्ट के कारण उन्होंने बीती रात अंतिम सांस ली। एक्टर कुछ फिल्मों समेत 'अपनी बात', 'ज्योति', 'हिटलर दीदी', 'शपथ', 'वॉरियर हाई', 'आहट', 'अदालत', 'दीया और बाती' जैसे तमाम शोज में नजर आते रहे हैं। आखिरी बार इन्हें रूपाली गांगुली के साथ 'अनुपमा' में देखा गया था, जिसमें इन्होंने एक रेस्टोरेंट के सख्त मालिक का किरदार निभाया था। बताया जाता है कि वे कुछ समय से अग्नाशय संबंधित समस्याओं से जूझ रहे थे।



सियासत का एक और सफ़ाः *मैं आहिस्ता-आहिस्ता चलता ही आया !*

# इस यात्रा के पीछे कई मोड़ हैं और आगे भी...!


अर्थात्
आशीष दुबे

वेटरन कांग्रेस नेता कमलनाथ की कांग्रेस से भाजपा की तरफ और भाजपा से कांग्रेस की तरफ आने की तथ्य-कथ्य यात्रा जाहिर तौर पर भले ही पांच या छह दिन का 'आयोजन' रही, लेकिन इस यात्रा के पीछे कई मोड़ हैं और संभवतः आगे भी आएं? जो कमलनाथ कुछ घंटे पहले तक कांग्रेस की विपत्ति हो गए थे और अब संपत्ति हो गए हैं। वे दिल्ली में अपने कोप-भवन में बैठकर श्रीराम नाम वाले झंडे से कितने संदेश देने की कोशिश करते रहे, यह उनकी छटपटाहट भी माना जा सकता है। यह झंडा कभी चढता कभी उतरता रहा, लेकिन माना जा सकता है कि नाथ को अपना इकबाल फिर बुलंद करने के लिए पार्टी के भीतर ही नई शुरूआत करना होगी। उन्हें हमेशा की तरह अ-संदिग्ध बना रहना होगा। फिलहाल तो नाथ खेमे ने सार्वजनिक तौर पर यह कहकर उस अध्याय को बंद कर दिया है, कि नाथ कांग्रेस पार्टी में ही हैं, उन्होंने कहीं जाने की बात कब कही, या नाथ ने ही कहा कि जब कुछ होगा तो सबसे पहले आपको बताऊंगा..। मगर इस जवाब पर कई सवाल अभी भारी है, यानि जब कुछ था ही नहीं तो नाथ अचानक दिल्ली क्यों पहुंचे, उनके समर्थक क्यों दिल्ली-कूच करने लगे, बयान क्या कहते रहे तथा विधायक दिल्ली में क्यों इकट्ठा हुए? पार्टी अंदरखानों की मानें तो कमलनाथ और उनके दिल्ली दरबार के बीच विधानसभा चुनाव के बीच ही एक खाई खुद चुकी थी। नाथ के कुछ ऐसे कदम(निर्णय)थे, जो हाइकमान को रास नहीं आ रहे थे और हाइकमान ने कुछ ऐसा किया था कि नाथ को नागवार था। फिर नतीजों ने सारी कसर पूरी कर दी, नाथ का पद व रुतबा जाता रहा।



बताया जाता है कि हाइकमान के भेजे दूतों की भोपाल में ऐन चुनाव के पहले फजीहत हुई, और कथित रूप से वे बेघर हुए, यह कई दुरभिसंधियों की तरफ इशारा करती हैं। बाद में पार्टी के एक प्रवक्ता ने कई परोक्ष इशारे भी किए, नाथ नाराज हुए और हाइकमान 'तटस्थ' रहा। इसके बाद नाथ चुनाव होते ही 'बाहर' चले गये। हालांकि यह बातें अब बीते समय व हिस्सा व किस्सा हैं, कांग्रेस व नाथ के सामने अब एकदूसरे पर पुराना राब्ता व ऐतबार बनाने का वक्त है। जहां तक भाजपा की नाथ में 'रूचि' की बात है तो माना जा रहा है कि वह लोकसभा-लाभ का रिस्क लेती भी तो तब जब,नाथ भी सिंधिया से 'बड़ा शो' करें। लेकिन नाथ खेमे के नेता विधायक आगे-पीछे होते रहे। संभवताः नाथ को लेकर ऐन वक्त फाइल बंद होने का किस्सा उन बयानों के इर्दगिर्द भी घूमता है, जिसमें मप्र में एक भाजपा नेता ने - 'नाथ के लिए दरवाजे बंद', का बयान दिया, क्या यह मप्र भाजपा की भावना की अभिव्यक्ति थी, या हाइकमान उनसे कुछ बुलवाना चाहता था? दूसरी तरफ भाजपा नेता तेजिंदर पाल सिंह बग्गा की नाराजी काबिलेगौर रही। उन्होंने सिख नरसंहार का जिक्र करके कहा कि सिख विरोधी दंगों के आरोपी के लिए भाजपा में कोई जगह नहीं है। लिहाजा यह भी माना जा सकता है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में सिख भावना व पंजाब को ध्यान में रखकर इस फाइल को बंद किया। शायद सभी बातें हमेशा अनुत्तरित रहें, फिलहाल कैफी आजमी की यह लाइनें नाथ के प्रति 'दोनों पार्टी तरफ' के रुख को रेखांकित करती हैं- 'मैं यह सोचकर उसके दर से उठा था *कि वह रोक लेगी मना लेगी मुझको । क़दम ऐसे अंदाज़ से उठ रहे थे कि आवाज़ देकर बुला लेगी मुझको । कि उसने रोका न मुझको मनाया न दामन ही पकड़ा न मुझको बिठाया । मैं आहिस्ता-आहिस्ता चलता ही आया !*

## बीयू और जीवाजी यूनिवर्सिटी को पीएम ने दिए 100-100 करोड़



**भोपाल।** राजधानी में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान योजना (पीएम-उषा) का डिजिटल लोकार्पण कार्यक्रम हुआ। ज्ञान विज्ञान भवन में हुए कार्यक्रम में सुबह 11.30 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राज्यपाल मंगुभाई पटेल शामिल हुए। वर्चुअली जुड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम उषा योजना के तहत 78 परियोजनाओं का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने बीयू और जीवाजी यूनिवर्सिटी ग्वालियर के लिए 100-100 करोड़ रुपए के फंड स्वीकृत किए।

# 10वीं के अंग्रेजी के पेपर में बने 20 नकल प्रकरण, बारहवीं का आज संस्कृत का पेपर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**एमपी बोर्ड**

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की कक्षा दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं जारी हैं। मंगलवार को कक्षा बारहवीं का संस्कृत का पेपर हुआ। इस दौरान कड़ी जांच के बाद विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्रो पर प्रवेश दिया गया। हालांकि सभी व्यवस्थाओं के बाद भी नकल प्रकरणों पर रोकथाम नहीं लग पा रही है।

सोमवार को कक्षा दसवीं के अंग्रेजी प्रदेशभर में 20 नकल प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इसमें मुरैना में 4, टीकमगढ़ में 2, दमोह में 1, रीवा में 2, देवास में 1, बुरहानपुर में 1, बैतूल में 8, डिण्डौरी में 1 प्रकरण दर्ज किया गया।

### भोपाल के 106 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा

इस बार दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं में प्रदेशभर से करीब 16.80 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। हाईस्कूल परीक्षा के लिए प्रदेश में 3,866 एवं हायर सेकेंडरी के लिए 3,637 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। राजधानी भोपाल के 106 परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जा रही है।

## जगह-जगह लीकेज, गाड़ियों की धुलाई, नाले में नर्मदा का जल

# नर्मदा नदी से लाए जा रहे पानी की बर्बादी नहीं रोक पा रहा निगम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**पाइपलाइन में जगह-जगह लीकेज से रोजाना बर्बाद हो रहा लाखों लीटर पानी - साफ पानी का ऑटोमोबाइल सेंटर भी कर रहे वाहनों की धुलाई में उपयोग भोपाल। नर्मदा नदी के पानी की भोपाल शहर में बर्बादी को निगम रोक नहीं पा रहा है जहां एक ओर पाइपलाइन से जगह-जगह लीकेज चालू है तो वहीं नए शहर में खुल रहे ऑटोमोबाइल सेंटरों में इसी साफ पानी से वाहनों की धुलाई का काम जारी है। इस तरह रोजाना लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।**

यह वही पानी है जिसे नर्मदा नदी से भोपाल तक लाने में करोड़ों रुपये खर्च हो रहे हैं। यदि एक लीटर पानी पर व्यय को निकाला जाए तो यह चिंता पैदा करने वाला खर्च है तब भी निगम पानी की बर्बादी को रोक पाने में असफल है।

### आम जनता का नुकसान

नर्मदा के जिस बेसकीमती पानी का दुरुपयोग किया जा रहा है, उसकी वजह से आम जनता को ही नुकसान हो रहा है। जानकारों का कहना है कि यह नुकसान अप्रत्यक्ष है जो दिखाई नहीं दे रहा है क्योंकि नर्मदा के पानी को भोपाल तक लाने में जो रुपये खर्च हो रहे हैं वह जनता से मिलने वाले टैक्स ही है। इस मामले को लेकर निगम के अधिकारियों का कहना है कि जहां जो कमियां मिलती है उन्हें लगातार ठीक कर रहे हैं। पानी की बर्बादी रोकने में आम जनता का भी सहयोग चाहिए। एजेंसियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### ऐसे बर्बाद हो रहा पानी

- मुख्य लाइन को छोड़कर छोटी लाइनों का रख-रखाव ठीक नहीं है। ये पुरानी हो चुकी है लेकिन संबंधित क्षेत्रों में आबादी बढ़ी है जिसके कारण इन्हीं लाइनों में अधिक प्रेसर से पानी छोड़कर संबंधित क्षेत्रों की पूर्ति करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके कारण लाइनें लीकेज हो रही है।
- कई स्थानों पर इन्हीं लाइनों के किनारों से जबरन खुदाई करके इन्हें तोड़ा जा रहा है ताकि लीकेज से मिलने वाले पानी का उपयोग किया जा सके। यह एक साजिश के तहत किया जा रहा है जिस पर निगम बिल्कुल भी कार्रवाई नहीं कर पाया है। नर्मदापुरम रोड क्षेत्र और कटारा हिल्स में यह स्थिति देखी जा रही है।
- नाली व सड़क निर्माण में संबंधित एजेंसियां निगम से अनुमति लिए बिना जगह-जगह खुदाई कर रही हैं, जिसके कारण पाइपलाइनें खुल रही हैं। यदि निगम से अनुमति लेकर ये काम किए जाएं तो नालियों की मौजूदगी का पता चलेगा और खुदाई में सावधानी बरतकर इन्हें नुकसान पहुंचाने से रोका जा सकता है।



## आदेश पर अमल नहीं

# अब तक अधिकतर निजी स्कूलों ने नहीं दी पोर्टल पर फीस की जानकारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के निजी स्कूलों की फीस सहित अन्य जानकारी पोर्टल पर अपलोड करने की व्यवस्था को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रदेशभर के कलेक्टर, संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारियों को नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, लेकिन अधिकारी इस आदेश का पालन नहीं करा पा रहे हैं। हालात यह है कि निजी स्कूलों द्वारा अब तक पोर्टल पर फीस अपलोड नहीं की गई है।




जारी आदेश में मप्र निजी विद्यालय फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन नियम 2020 का पालन सुनिश्चित करने के आदेश के साथ कहा गया है कि वेबसाइट की लिंक पर सभी निजी स्कूल अनिवार्यतः अपना यूजर आईडी एक्टिवेट करना सुनिश्चित करेंगे। सभी निजी स्कूलों द्वारा नियम-2020 के तहत जानकारी की प्रविष्टि की जानकारी है। जिसमें सभी निजी स्कूलों द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए नियम की गई फीस संरचना की जानकारी पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। निजी स्कूलों को बीते तीन वर्षों के संपरीक्षित लेखों की जानकारी भी अपलोड करनी होगी।

### बगैर मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों पर लगाम

**जेडी-डीईओ देना होगा प्रमाण पत्र**

लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) ने बगैर मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों के लगाम लगाने के लिए नई व्यवस्था की है। अब स्कूलों को निरीक्षण कर संयुक्त संचालक (जेडी) व जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) डीपीआई को प्रमाण पत्र देना होगा। दरअसल, डीपीआई ने निजी स्कूलों को मान्यता देने के मामले में भी सख्त नियम बनाए हैं। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। जिन स्कूलों की मान्यता समाप्त हो गई है, अब वे विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दे सकते हैं। भोपाल के भी ऐसे स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है। ऐसे में कोई भी निजी स्कूल बिना मान्यता और मान्यता नवीनीकरण कराए संचालित नहीं हो सकेंगे।

# अभाविप का आरोप आरजीपीवी में हुआ करोड़ों का घोटाला, किया धरना-प्रदर्शन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) परिसर में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं में धरना-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि आरजीपीवी में करोड़ों का घोटाला हुआ है। एफडी कराने की फाइल चली और करोड़ों रुपए निजी खाते में डाल दिए गए हैं। मामले में रजिटार को तुरंत बर्खास्त करने एवं मामले की सटीक जांच शासन द्वारा कराने सहित जांच पूरी होने तक कुलपति को छुट्टी पर भेजने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री शालिनी वर्मा एवं प्रांत मंत्री संदीप वैष्णव के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं का यह धरना प्रदर्शन देर रात तक जारी रहा। अभाविप का कहना है कि शासन जब तक उनकी मांग नहीं मानता है, तब तक यह अनिश्चितकाल धरना जारी रहेगा।

**कहा- एफडी कराने की फाइल चली और करोड़ों रुपए निजी खाते में डाल दिए**



### यह है पूरा मामला

**अभाविप की** राष्ट्रीय मंत्री शालनी वर्मा का कहना है कि आरजीपीवी में छात्रों के करोड़ों रुपए के चेक एफ डी कराने के नाम पर हेरफेर कर निजी व्यक्ति के खाते में डाल दिए गए। यह चेक संस्थान के रजिस्ट्रार और कंट्रोलर फाइनेंस के हस्ताक्षर से जारी किए गए। फर्जीवाड़ा पकड़ में न आए इसलिए संस्थान के दस्तावेजों में चेक में खाता नंबर तो वही दिखाया, जिसमें पैसा गया, लेकिन इस खाते को आरजीपीवी का बताया गया। अभाविप उच्च शिक्षा मंत्री से यह मांग की है प्रकरण संबंधित दोषी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करें। अभाविप के प्रांत संदीप वैष्णव ने कहा कि छात्रों के पैसों को लेकर किए गए भ्रष्टाचार की अभाविप घोर निन्दा करती है। रजिस्टार को तुरंत पद से बर्खास्त करने की एवं शासन से इस भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच की मांग करती है।

**मेट्रो एंकर**

## जयंती पर संस्कार स्कूल में कार्यक्रम

# हिन्दुत्व की रक्षा की थी शिवाजी महाराज ने

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संस्कार विद्यालय में छत्रपति शिवाजी महाराजजी की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्था के सचिव बसंत चेलानी, कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव, भगवताचार्य पंडित अमरीश गोस्वामी द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। चेलानी ने कहा कि भारत में अंग्रेजों के शासन से पहले मुगलों का शासन था जब पूरा भारत मुगलों के अत्याचार से त्रस्त हो गया था तब वीर सपूत छत्रपति शिवाजी महाराज ने सभी हिन्दुओं को संगठित किया और मुगलों को परास्त करके हिन्दुत्व की रक्षा की आज हमारे भारत में यह काम आज नरेन्द्र मोदी जी कर रहे है हम छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

अमरीश गोस्वामी ने बताया कि 16वीं और 17वीं शताब्दी में औरंगजेब आदि मुगलों ने हिंदुत्व को समाप्त करना चाहा था, तब उन्होंने हिंदुत्व की रक्षा की और मुगलों का डटकर मुकाबला किया शिवाजी महाराज ने अपनी माता जीजा बाई एवं गुरू के मार्गदर्शन पर चलकर हिंदुत्व को बचाया। शिवाजी महाराज की तरह जो व्यक्ति अपने माता पिता एवं गुरू को महत्व देता है उनके आदर्शो पर चलता है वह भविष्य में एक दिन बड़ी उपलब्धि हासिल करता है।



इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, उपप्राचार्या मीनल नरयानी, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थिगण उपस्थित थे।

# साधु वासवानी महाविद्यालय के यूफोरिया 2024

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी महाविद्यालय में चल रही सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ 'यूफोरिया 2024' में कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती माता तथा साधु टीएल वासवानी, संत हिरदारामजी साहिब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई।

साधु वासवानी एज्युकेशन सोसायटी के अध्यक्ष दयालदास डेटानी, महासचिव राजेन्द्र मनवानी एवं प्राचार्य डॉ एके सिंह के द्वारा महाविद्यालय प्राध्यापक डॉ डीके दुबे कार्यक्रम की शुरूआत की। महाविद्यालय में प्रश्न मंच गायन प्रतियोगिता एवं अंताक्षरी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया सभी कार्यक्रमों का रिजल्ट आगामी दिनों में घोषित किया जाएगा।

बीते दिनों महाविद्यालय में वाद विवाद, रंगोली, मेंहदी, सलाद सज्जा आदि सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 20 फरवरी को फैंन्सी ड्रेस, एकल नृत्य एवं समूह नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा।

कार्यक्रम में सोसायटी के अशोक आडवानी, हेमंत आसवानी, दिनेश वाधवानी, मुस्कान डेटानी, इंद्र आडवानी, हेमा वाधवानी, सान्या मनवानी, सुचित्रा आसवानी सहित सभी प्राध्यापक, महाविद्यालय स्टाफ, व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभा का प्रदर्शन



# बेहतर उच्च शिक्षा प्रणाली की ओर बढ़ता मध्यप्रदेश



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

पीएम-उषा PM-UShA

# प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (PM-UShA)

## अंतर्गत परियोजनाओं का

## डिजिटल लॉन्च

प्रधानमंत्री

**नरेन्द्र मोदी**

द्वारा

(वर्चुअल माध्यम से)

**प्रदेश के 8 विश्वविद्यालयों को ₹ 400 करोड़ स्वीकृत**

अध्यक्षता

**मंगुभाई पटेल**

राज्यपाल

मुख्य अतिथि

**डॉ. मोहन यादव**

मुख्यमंत्री





**20 फरवरी, 2024 - पूर्वाह्न 10:30 बजे**

**ज्ञान-विज्ञान भवन, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल**

- प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (PM-UShA) से युवाओं को औद्योगिक प्रशिक्षण मिलने के साथ नई शिक्षा नीति-2020 का उद्देश्य होगा पूरा
- PM-UShA अंतर्गत 2 घटकों, मल्टी डिसिप्लिनरी एजुकेशन एवं रिसर्च यूनिवर्सिटीज (MERU) तथा ग्रांट टू स्ट्रेंथन यूनिवर्सिटीज (GSU) के रूप में विश्वविद्यालयों का चयन
- प्रथम घटक (MERU) में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय तथा जीवाजी विश्वविद्यालय को ₹ 100-100 करोड़ की सहायता
- द्वितीय घटक (GSU) में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, पंडित एस.एन. शुक्ल विश्वविद्यालय एवं महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय को ₹ 20-20 करोड़ की सहायता
- अधोसंरचना विकास हेतु प्रशासनिक भवन, अकादमिक भवन, रिसर्च लैब, लाइब्रेरी बिल्डिंग, कम्प्यूटर लैब, हॉस्टल एवं क्लासरूम का निर्माण
- राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस, सेमिनार, वेबिनार, शैक्षणिक भ्रमण, संकाय संवर्धन एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण की सुविधा

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

D-11211/23

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

## सुविचार

''चुनौतियां ही जिंदगी को रोमांचक बनाती है और इसी से आपके ज़िन्दगी का महत्व निर्माण होता है।''

-अज्ञात

## संपादकीय

# सेना में संस्कृति की यात्रा

*नौसेना में अब अफसर और नौसैनिक मेस में अब कुर्ता-पायजामा पहन सकेंगे। फौज में भारतीय परंपराओं को अपनाने और औपनिवेशिक दौर के अवशेषों से छुटकारा पाने के लिए यह पहल की गई है। इससे पहले भी कुछ और ऐसी पहल हो चुकी हैं। इसमें कोई शक नहीं कि संस्कृति और इतिहास से हमारी पोशाक भी जुड़ी रही है। और, कपड़े-लत्ते और पहनावा पहचान का भी हिस्सा हैं। लेकिन भारत के संदर्भ में यह समझना जरूरी है कि विविधता इसका स्वभाव रहा है। बाहर से अलग धर्म, नस्ल के लोग आए और यहां के जीवन-संस्कृति और इतिहास का हिस्सा बन गए। इन लोगों ने भारतीय संस्कृति से बहुत सारी चीजों को अपनाया और उन्होंने कई चीजें यहां के कल्चर को दीं। ये चीजें आज भी भारत की बोली-भाषा, खान-पान से लेकर लिबास तक का हिस्सा हैं। अब जिस कुर्ता-पायजामा को नौसैनिकों को मेस में पहनने को कहा गया है, खुद उसका इतिहास भी इस विविधता का आईना है।*

*दरअसल, सलवार-कमीज का ही एक रूप कुर्ता-पायजामा है, जिसे मुगल पहना करते थे। वहीं, शेरवानी हिंदुस्तानी कल्चर में तुर्किये और फारस के लोगों के साथ आई। कपड़ा पहचान के साथ सामाजिक रुतबे का भी प्रतीक है। राजा-बादशाहों के दौर में शाही परिवार, दरबारियों और आम लोगों की पोशाक में फर्क हुआ करता था। औपनिवेशिक काल में ऐसे भारतीयों की कमी नहीं थी, जो अंग्रेजों की तरह कपड़े पहनते थे, उनकी भाषा में बातें करते और खुद को दूसरे भारतीयों से श्रेष्ठ समझते। यही नहीं, जब अंग्रेज अपने फायदे के लिए भारतीय कपड़ा उद्योग को तबाह करने लगे तो महात्मा गांधी ने विदेशी कपड़ों के बहिष्कार का आह्वान किया। यह तब प्रतिरोध का जरिया और आजादी के आंदोलन का प्रतीक बना। ऐसा भी नहीं है कि सामाजिक हैसियत और कपड़े का यह जुड़ाव खत्म हो गया है। आज भी अमीर क्या पहनते हैं, इसे लेकर चर्चा होती है। कान फिल्म फेस्टिवल और ऑस्कर जैसे समाराहों में रेड कार्पेट पर सिलेब्रिटीज से पूछा जाता है कि उन्होंने किस डिजाइनर के बनाए कपड़े पहने हैं। यह उनकी अलग पहचान गढ़ता है। अरमानी, गुची, जिमी चू, लुई वितां जैसे ब्रैंड इसीलिए फल-फूल रहे हैं क्योंकि समाज का एक तबका कपड़े-जूतों-बैग से अपनी बेहतर सामाजिक हैसियत का ऐलान करना चाहता है। समाजशास्त्री एमएन श्रीनिवास के संस्कृतिकरण के सिद्धांत से मध्यवर्गीय समाज की इन ब्रांड्स की ओर आकर्षण की बात समझी जा सकती है। इसी वजह से कई विदेशी ब्रांड्स ने भारत में बहुत जल्द बड़ा बाजार बनाने में कामयाबी हासिल की है। ये उस नए भारत की नुमाइंदगी करते हैं, जिसकी शुरुआत नब्बे के दशक के आर्थिक सुधारों के साथ हुई। भारत ने तब अपने बाजार दुनिया के लिए खोल दिए। वैश्वीकरण की सीढ़ियां चढ़कर वह दुनिया की 5वीं बड़ी इकॉनमी बना। आज मीडिया-इंटरनेट की बदौलत लोग दुनिया के पहनावे और लेटेस्ट फैशन से वाकिफ हैं। बेशक, भारतीयों को अपनी विरासत पर गर्व है, लेकिन वे पहनावे को लेकर किसी बंधन से नहीं बंधे हैं। वेस्टर्न ड्रेसेज को लेकर उनके अंदर कोई झिझक नहीं है, न ही जींस से कोई ऐतराज। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के शोर के बीच भारतीयों ने विविधता की विरासत को जिंदा रखा है, जो आगे भी फलता-फूलता रहेगा। इसीलिये यदि सेना का एक अंग इस विविधता को स्वीकार करेगा तो इससे भारतीय संस्कृति व जडों से जुडाव ही मजबूत होगा। तमाम आधुनिकताओं के साथ चलने के दौर में भी यदि हम भारतीयता, परंपरा से जुडे रहें तो संस्कृति की जडें मजबूत होंगी।*

## आज का इतिहास

- 1613 – रूस में रोमानोव वंश का शासन स्थापित हुआ।
- 1842 – अमेरिका में जॉन ग्रीनॉफ को सिलाई मशीन का पेटेंट अधिकार मिला।
- 1848 – कार्ल मार्क्स और फ्रेडरिक एंगेल्स ने कम्युनिस्ट घोषणापत्र प्रकाशित किया।
- 1878 – पुड्डुचेरी स्थित अरविंदो आश्रम की मीरा अलफासा का पेरिस में जन्म।
- 1896 – महान कवि एवं लेखक सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का जन्म।
- 1948 – स्वतंत्र भारत के संविधान का ड्राफ्ट संविधान सभा के अध्यक्ष के समक्ष पेश किया गया।
- 1952 – पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान में बंगलादेश) स्थित ढाका विश्वविद्यालय में बंगाली भाषा को आधिकारिक भाषा का दर्जा देने के लिए प्रदर्शन।
- 1959 – नयी दिल्ली में प्रेस क्लब ऑफ इंडिया की स्थापना।
- 1973 – सिनाई रेगिस्तान में इजरायली लड़ाकू विमान ने लीबिया अरब एयरलांइस के विमान-114 को मार गिराया जिससे इसमें सवार 108 लोगों की मौत हो गई।
- 1986 – दक्षिण अफ्रीका सरकार ने जोहान्सबर्ग और डरबन अश्वेतों के लिए खोल दिए।
- 1991 – भारतीय अभिनेत्री एवं गायिका नूतन का निधन।
- 1998 – भारतीय चरित्र अभिनेता ओम प्रकाश का निधन।
- 1999 – पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने लाहौर घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए।
- 2005 – स्पेन के निवासियों ने जमनत संग्रह में यूरोपीय संघ के संविधान का व्यापक समर्थन किया।
- 2013 – भारत के हैदराबाद में सिलसिलेवार बम घमाकों में 17 लोगों की मौत।
- 2022 – रूसी-यूक्रेनी संकट के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने लुहान्स्क पीपुल्स रिपब्लिक और डोनेट्स्क पीपुल्स रिपब्लिक को यूक्रेन से स्वतंत्र घोषित किया और क्षेत्र में सेना भेजी।

## निशाना

### अटकलें हैं तेज़!



– कृष्णेन्द्र राय

*छोड़ देंगे पार्टी।*
*हो गए नाराज़।।*
*अटकलें हैं तेज़।*
*ना रहा कुछ राज।।*
*सपरिवार जाना है।*
*लिया उन्होंने ठान।।*
*हो चुके मज़बूत।*
*ना भटकाना ध्यान।।*
*लगे भले ही वक्त।*
*ख़बर आने वाली।।*
*घटनाक्रम दिलचस्प।*
*आ सकती हरियाली।।*
*हो चुका है मोहभंग।*
*दौर अलग है आया।।*
*लग रहा है इधर से।*
*है पूरा सफाया।।*


# मराठा आरक्षण के राजनीतिक चक्रव्यूह में फंसीं पार्टियां और अंतहीन आंदोलन

**■ राजेश्वरी देशपांडे**

महाराष्ट्र सरकार संभवतः 10 से 12 प्रतिशत मराठा कोटा पर कानून बनाने के लिए 20 फरवरी को विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाने जा रही है। मनोज जारंगे पाटिल के नेतृत्व में आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया है कि एकनाथ शिंदे सरकार मराठों को कुनबियों में शामिल करने के अपने फैसले को लागू करने में देरी कर रही थी, जिससे वे ओबीसी ब्लॉक बन गए।मराठा राजनीतिक संकट अंतहीन है- आंदोलनों का दशकों पुराना चक्र, आरक्षण देने के प्रयास, कानूनी बाधाएं और फिर अधिक आंदोलन। महाराष्ट्र में एक तो यूं ही पार्टी पॉलिटिक्स का संकट का दौर है, ऊपर से सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक समूहों में से एक के रूप में मराठाओं की नाराजगी से स्थितियां बदल रही हैं। इस बार के आंदोलन में एक अतिरिक्त आयाम है, जिसने सरकार में शिंदे के सहयोगियों (बीजेपी और एनसीपी) को मुश्किल में डाल दिया है।

**कुछ भी नया नहीं:** पिछले महीने जरांगे पाटिल के विशाल मुंबई मार्च को लेकर काफी कुछ कहा गया था लेकिन यह अपनी तरह का पहला मामला नहीं था। लगभग एक दशक पहले मराठों ने बमुश्किल छह महीने के अंदर जुलाई-दिसंबर 2016 के बीच हर बड़े और छोटे शहर में लगभग 60 विशाल रैलियां आयोजित की थीं। प्रत्येक रैली में सैकड़ों-हजारों मराठा युवाओं ने भाग लिया। वे क्रोधित थे, लेकिन उस समय रैलियों को 'मूक' विरोध-प्रदर्शन के रूप में डिजाइन किया गया था, जो न केवल सरकार बल्कि मराठा अभिजात्य वर्ग के खिलाफ भी आयोजित किया गया था।

**विरोध और वादे:** मराठा तब से आरक्षण की मांग को लेकर सड़क पर तरह-तरह की राजनीति लगातार कर रहे हैं। बार-बार, विशेषकर राज्य विधानसभा चुनावों से पहले सरकारें मराठा समुदाय को आरक्षण का लाभ देने के लिए प्रस्ताव पारित करती हैं। बार-बार इन्हें न्यायपालिका के इनकार का सामना करना पड़ा है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि आरक्षण की मराठा मांग ने नई गति पकड़ ली है। लेकिन आंदोलन की ताजा कहानी अलग है। आंदोलनकारी इस बात के लिए शिंदे सरकार पर निशना साध रहे हैं कि वह आरक्षण गतिरोध का व्यावहारिक कानूनी रास्ता नहीं निकाल पा रही है। लेकिन आंदोलनकारी सीधे सीएम शिंदे की आलोचना करने से बच रहे हैं, बल्कि उनकी सराहना भी कर रहे हैं। इससे अटकलें शुरू हो गईं कि इसका संबंध सत्तारूढ़ गठबंधन पर किसका दबदबा है? दूसरी तरफ, आंदोलनकारियों के रुख से प्रदेश के ओबीसी समुदाय सतर्क हो गए हैं और अपना कोटा बंटने की आशंका में नाराजगी का इजहार कर रहे हैं।



**कांग्रेस की शक्ति क्षीण:** इस प्रकार, मौजूदा जोरदार मराठा-ओबीसी का विवाद मुख्य रूप से महाराष्ट्र में पार्टी पॉलिटिक्स की बदलती प्रकृति का प्रतीक है। मराठा आंदोलन का नेतृत्व जरांगे पाटिल कर रहे हैं तो ओबीसी की अगुवाई एनसीपी के छगन भुजबल ने अपने हाथों में ले रखी है। 30 वर्षों से राज्य का पार्टी सिस्टम विघटित हो रहा है। पहले कांग्रेस का प्रभुत्व और उसके मुख्य आधार मराठों का समर्थन इन तीन दशकों में तेजी से घट गया। लेकिन दो नए राजनीतिक दावेदार भाजपा और शिवसेना, राज्य की राजनीति पर कब्जा करने और हावी होने में विफल रहे।

**शिवसेना, एनसीपी को झटका:** कांग्रेस के बिखरने के बावजूद बीजेपी को महाराष्ट्र में अस्तित्व बनाए रखने के लिए हमेशा शिवसेना के साथ गठबंधन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। वह अकेले दम पर चुनाव नहीं जीत सकती। मराठों के राजनीतिक प्रभुत्व को चुनौती देने और शिवसेना पर अंकुश लगाने के लिए भाजपा ने ऊंची जातियों और ओबीसी का एक नया सामाजिक गठबंधन बनाने की कोशिश की। लेकिन वह 2019 के लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत भाजपा की अपनी महत्वाकांक्षा को साकार नहीं कर सकी। इसे 2019 के चुनावों से काफी पहले तक चतुराई भरी चालें चलनी पड़ीं, जिससे शिवसेना और एनसीपी दोनों को नुकसान हुआ और पार्टी सिस्टम चकनाचूर हो गया।

**मराठा वोटों में बंटवारा:** यह वही अवधि है जिसके दौरान मराठा वोट विखंडित होकर सभी चार प्रमुख राजनीतिक दलों में विभाजित हो गए। लोकनीति के राष्ट्रीय चुनाव अध्ययन और सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग की तरफ से विधानसभा चुनावों के अध्ययन से स्पष्ट हुआ कि राजनीतिक दलों में मराठाओं की मांग को लेकर सहानुभूति बढ़ रही है। सोशल सपोर्ट बेस के कमजोर होने से सभी राजनीतिक दलों में मराठा वोटों के लिए होड़ मच गई है। साथ ही, ऊंची जातियों और ओबीसी के उस नए सामाजिक गठबंधन को भी अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है जिसे बीजेपी जोड़ने की कोशिश कर रही है। जरांगे पाटिल-भुजबल की लड़ाई इन गहरी विभाजक रेखाओं का प्रतिबिंब मात्र है। मराठा आरक्षण पर पहले के न्यायिक गतिरोध ने महाराष्ट्र सरकार को कुनबी के रूप में कोटा देने का वादा करने पर मजूर किया। इससे मराठों के %ओबीसीकरण% का रास्ता तलाशने की मजबूरी पैदा हो गई। लेकिन इस रास्ते ने राज्य में समुदायों के बीच सोशल फॉल्ट लाइंस को तीखा कर दिया है, जिससे पार्टी प्रणाली का और विघटन होना तय है।

**गुट के भीतर असमानता:** आरक्षण के लिए इन मराठा लड़ाइयों का एक भौतिक आयाम है। औद्योगिक रूप से उन्नत राज्य के रूप में अपनी स्वतंत्रता के बाद की यात्रा के दौरान महाराष्ट्र को अक्सर भारत में पूंजीवादी विकास के पोस्टर बॉय के रूप में देखा जाता था जिसने एक प्रगतिशील सामाजिक विरासत को बरकरार रखा था। हालांकि, इस छवि ने क्षेत्रीय राजनीतिक अर्थव्यवस्था द्वारा पोषित जटिल असंतुलन और असमानताओं को छिपा दिया। ऐसा ही एक था इसके विकासात्मक मॉडल में क्षेत्रीय विषमता।

दूसरा था कृषि क्षेत्र की क्रूर उपेक्षा। इन असंतुलनों ने मराठवाड़ा जैसे क्षेत्रों में पिछड़ेपन और अभावों की विशाल जमीन तैयार कर दी है। इसने इन भागों में अधिकांश मराठों को गरीब कृषि क्षेत्र में फंसे रहने के लिए मजबूर कर दिया है। न केवल मराठों को बल्कि छोटे समुदायों को भी इस तरह के भौतिक अभावों और इन अभावों को दूर करने में राज्य की असमर्थता ने मराठा संकट को हमेशा के लिए बरकरार रखा है।

**लेखिका सावित्रीबाई फुले पुणे विवि में पढ़ाती हैं। यह उनके विचार हैं: साभार**

## वसंत



*वे हंसे और आया वसन्त,*
*खिल गये फूल, लद गई डाल*
*भौंरों ने गाना शुरू किया,*
*पत्ते हिल कर दे चले ताल।*

*हर फूल नई पोशाक पहन,*
*जग के आंगन में झूम गया,*
*हर भौंरा मस्ती में भर कर,*
*हर नये फूल को चूम गया।*

*खेतों में सरसों फूल उठी,*
*जंगल में टेसू हुआ लाल,*
*जो हवा अभी तक चंचल थी,*
*उसकी धीमी हो गई चाल।*
*अब तक कई सूनी अमराई में,*
*जैसे उतर पड़ी बरात,*
*बंध गया मोर, हो गया और,*
*उस बड़े आम का पीत गात।*

*किरनों का सोना निखर गया,*
*लहरों पर चढ़ा नया पानी,*
*जी कुछ ऐसा बेहाल हुआ,*
*क्या जाने जादू हुआ कौन!*
*सारी दुनिया हो गयी नई।*



*भवानी प्रसाद मिश्र*

# वर्तमान के वर्धमान अनंत यात्रा पर...

**■ ललित गर्ग**



जैन संत आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज ने शनिवार-रविवार की दरमियानी रात संल्लेखना पूर्वक समाधि (देह त्याग) ले ली। छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ स्थित चन्द्रगिरी तीर्थ से आध्यात्मिक चेतना का यह तेजस्वी सूर्य अपनी अनंत यात्रा के लिए प्रस्थान कर गया। संत के रूप में पूज्यश्री का संपूर्ण जीवन ही दर्शन का सुदर्शन संदर्भ है। जिनके आचरण में ही जीवों के लिए करूणा पल्लवित होती हो, जिनके विचारों में प्राणी मात्र के कल्याण का शुभ संकल्प हो, जिनकी देशना में जन-मन के अंतःकरण की जागृति का संदेश हो, ऐसी दिव्यात्मा की भू-लोक से अनुपस्थिति अनंतकाल तक अंधेरे की उपस्थिति का अनुभव करवाएगी। महाराजश्री के विचार भारतीयता के प्रति अगाध निष्ठा, राष्ट्रभक्ति और कर्तव्यपरायणता से भी ओतप्रोत रहे। इसीलिए, अनंत अवसरों पर अखंड रूप से इस विचार की आवृत्ति होती रही कि आचार्यश्री के विचारों को संकलित करना छोटी-सी अंजुली में सागर को भरने का असंभव प्रयास है।

पूज्यश्री की सहज और प्रवाहमयी उपमाएं जन सामान्य को भी दुर्लभ विषय समझने में सरलता प्रदान करती हैं। सत्संग और सानिध्य के कालखंड में आचार्य श्री ने अनेक अवसरों पर स्पष्ट किया कि जैन धर्म दो शब्दों से बना है - जैन और धर्म। जैन से अभिप्राय 'जिन' के उपासक से है। 'कर्मारातीन जयतीति जिनः' अर्थात जिसने काम, क्रोध, मोह आदि अपने विकारी भावों को जीत लिया है, वह ''जिन' कहलाता है। 'जिनस्य उपासकः जैनः' अर्थात् 'जिन' के उपासक को जैन कहते हैं। जो व्यक्ति 'जिन' के द्वारा बताए मार्ग पर चलते हैं और उनकी आज्ञा को मानते हैं, वे जैन कहलाते हैं। ऐसे जैन के धर्म को जैन धर्म कहते हैं। यही जैन धर्म का भी शाब्दिक अर्थ है।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री और दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी से भी आचार्यश्री का गहरा जुड़ाव रहा है। वर्ष 2016 में भोपाल की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री जी ने उनसे भेंट भी की थी। राष्ट्र धर्म और जन सेवा के पवित्र उद्देश्य की व्याख्या करने के लिए 28 जुलाई 2016 को पूज्यश्री ने मध्यप्रदेश विधानसभा में अपना प्रवचन भी दिया और गत वर्ष चंद्रगिरि तीर्थ पर ही आचार्यश्री का आशीर्वाद मा. प्रधानमंत्री जी को प्राप्त हुआ।संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी का जन्म 10 अक्टूबर 1946 को कर्नाटक के बेलगाम जिले में हुआ। उनका बचपन का नाम विद्याधर था। इसके बाद उन्होंने दीक्षा राजस्थान में ली थी। उल्लेखनीय यह भी है कि महाराजश्री के शिष्य मुनि क्षेमसागर ने उनके ऊपर जीवनी भी लिखी। इसका अंग्रेजी अनुवाद 'इन द क्वेस्ट ऑफ सेल्फ' के रूप में किया गया है। महाराजश्री शास्त्रीय (संस्कृत और प्राकृत) और कई आधुनिक भाषाओं, हिंदी, मराठी और कन्नड़ के विशेषज्ञ थे। वे हिंदी और संस्कृत के एक विपुल लेखक भी रहे हैं। कई शोधकर्ताओं ने स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट डिग्री के लिए उनके कार्यों का अध्ययन किया है।



विद्यासागर महाराज को आचार्य पद की दीक्षा आचार्य श्री ज्ञान सागर महाराज ने 22 नवंबर 1972 को अजमेर राजस्थान के नसीराबाद में दी थी। इसके बाद आचार्य श्री ज्ञान सागर महाराज ने आचार्य श्री के मार्गदर्शन में ही 1 जून 1973 को समाधि ली थी। ऐसा पहली बार हुआ था, जब एक गुरु ने पहले शिष्य को दीक्षित किया और फिर उन्हीं के मार्गदर्शन में समाधि ली। दिगंबर मुनि परंपरा के आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज देश के ऐसे अकेले आचार्य थे, जिन्होंने अब तक 505 मुनियों को दीक्षा दी।जिन उपासना की और उन्मुख आचार्यश्री तो सांसारिक आडंबरो से विरक्त रहे। इस युग के तपस्वियों की परंपरा में आचार्यश्री अग्रगण्य थे। परमात्मा के उपदेशों पर चलने वाले इस पथिक का प्रत्येक क्षण जागरूक व आध्यात्मिकता से भरपूर रहा।उनके विशाल व विराट व्यक्तित्व के अनेक पक्ष थे, तथा सम्पूर्ण भारतवर्ष उनकी कर्मस्थली थी।ज्ञान, करुणा व सद्भावना से परिपूर्ण उनकी शिक्षाएं सदैव समाज और संस्कृति के उत्कर्ष के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती रहेंगी। समाधिस्थ आचार्य श्री के चरणों में मेरा कोटिशः नमन।

**(लेखक- मध्यप्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो से लोकसभा सांसद हैं.)**

## नर्मदापुरम : दौड़ में बढ़ाया मान



**नर्मदापुरम।** दौड़ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस कर्मी रबीश बोहरा तथा शकील खान द्वारा तेलंगाना में आयोजित प्रतियोगिता में मेडल जीतने पर कलेक्टर सोनिया मीना ने दोनों धावकों को सम्मानित किया।

# बिछ रही सीवर लाइन, जहां-तहां नहीं बहेगा गंदा पानी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

परियोजना प्रबंधक मध्यप्रदेश नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा बताया गया कि घरों का सीवेज का गंदा पानी खुली नालियों से बहने में वातावरण प्रदूषण के साथ बिमारी भी फैलती है और नदी, नाले, कुओं बावड़ी आदि का साफ जल भी दूषित होता है। जनसाधारण को स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के उदेश्य से म.प्र. नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत म.प्र. अर्बन डेवलपमेंट कं. लि (एम.पी.यू.डी.सी.एल) द्वारा आपके नगर नर्मदापुरम सीवर लाइन बिछाने की परियोजना का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है जिसमें 144.0 कि.मी. मे से लगभग 25 कि.मी. पाइप लाइन बिछाने का पूर्ण कर लिया गया है, शेष सभी आवश्यक कार्य गतिशील है। इसके माध्यम से सभी घरों से निकलने वाले गंदे पानी को सीवर लाइन के माध्यम से पाँच पपिंग स्टेशन के द्वारा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (21 एमएलडी) में लाया जायेगा। जहाँ से इसे शोधित कर 20 से 25 त्र पानी का उपयोग बागवानी, सड़क धुलाई अग्निशामक आदि में किया जाकर, शेष पानी पाइप के माध्यम से



नाले में छोड़ा जायेगा। जिस स्थान एवं रोड पर कार्य प्रांरभ किया जाता है वहाँ पर खुदाई के बाद पाइप बिछाने के उपरांत अस्थाई रोड़ रेस्टोरेशन कर सड़क चलने लायक स्थिति में (मोटरबेल) कर दिया जाता है फिर मेनहोल निर्माण, हाउस सर्विस चैम्बर निर्माण, के उपरांत परमानेंट रोड रेस्टोरेशन का कार्य किया जाता है सम्पुर्ण कार्य कि मोनिटरिंग के लिए फर्म मेसर्स भुगन इंफा. अहमदाबाद से साप्ताहिक प्रगति प्रतिवेदन कि समीक्षा कि जा रही है, कार्य में लगभग 20 से 25 दिन का समय लगता है क्योकि सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य सड़क के बीचो बीच में से किया जाता है जिसके कारण नल कनेक्शन एवं पाईप लाइन भी क्षतिग्रत होती है जिसे समय-समय पर सुधार कार्य किया जाता है जनता को कभी-कभी आवागमन में अवसुविधा एवं परेशानी का सामना करना पड़ सकता है चुकि यह कार्य माँ नर्मदा नदी में मिलने वाली गंदगी को रोकने हेतु किया जा रहा है। अतः आम नागरीको से एवं जनप्रतिनिधीयों से अपील है। की कार्य अवधि में धैर्य से काम ले एवं अपना सहयोग प्रदान करें।

### कलेक्टर बोले-जनहित के विकास कार्यों को तेजी से पूर्ण कर लोकार्पण कराएं

# अनियंत्रित ध्वनि विस्तारक यंत्रों और खुले में मांस के विक्रय के विरुद्व की जाए कार्रवाई

### गिरदावरी प्राथमिकता से पूर्ण कराएं, किसानों को कोई असुविधा न हो, समयसीमा की बैठक आयोजित



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

प्रगतिरत विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराएं। साथ ही ऐसे कार्य जो पूरे होने वाले है उन्हे स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थित में कार्यक्रम आयोजित कर उनका लोकार्पण कराएं। इसी प्रकार स्वामित्व योजना के प्रकरण भी हितग्राहियों को वितरित किए जाए। आगामी दिनों में सभी लोकहित के कार्यों के तेजी से पूरा करने के लिए कार्ययोजना बनाएं। निर्धारित मानक प्रक्रिया का संचालन नही करने वालें डीजे संचालकों और खुले में मांस के विक्रय के विरुद्ध प्रभावी ढंग से सतत कार्यवाही की जाएं। यह निर्देश नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने सोमवार को समयसीमा की बैठक में सभी अधिकारियों को दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत ,अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने सीएमहेल्प लाइन के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की शिकायतों की समीक्षा कर प्रसूति योजना सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी शिकायतों का ज्यादा से ज्यादा निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमएचओ को सख्त निर्देश दिए कि अधिनस्थ अधिकारियों का गम्भीरता से कार्य करने के लिए सचेत करें। लापरवाह की दशा में सीएमएचओ की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने राजस्व विभाग की शिकायतों की भी तहसीलवार समीक्षा कर शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व विभाग को 80 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का निराकरण करने का लक्ष्य दिया। कम प्रगति पर संबंधित तहसीलदार के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास शिकायतों का त्वरित निराकरण कर रिपोर्ट दें। सिवरेज लाइन की सड़क रेस्टोरेशन के कार्य की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश सिटी मजिस्ट्रेट को दिए। उन्होंने कार्यपालन यंत्री पीएचई को विभाग अंतर्गत कार्यों का गंभीरता से क्रियान्वयन करने और शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि कार्यपालन यंत्री पीएचई अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं। संतोषजनक प्रगति न होने पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि समग्र आईडी की शिकायतों का भी मैदानी अमले के माध्यम से निराकरण किया जाए।

मुख्यमंत्री नगरीय भू आवासीय योजना के संबंध के लंबित प्रकरणों का अभियान चलाकर निराकरण करने के निर्देश सभी तहसीलदारों को दिए। उन्होंने कहा कि गेंहू पंजीयन में सिग्मीनामा के संबंध में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक न्यूनतम राशि पर नोटराइस्ड किया जाएं। सिग्मीनामा में किसी प्रकार की अनियमितता न हो इसका विशेष ध्यान रखें। निर्धारित प्रक्रिया का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएं।आयुष्मान कार्ड की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की। नगरीय क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड बनाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने पेंशन और अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरण भी शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। ऐसे प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहें। बताया गया कि लोकसभा निर्वाचन के संबंध में सभी नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्त कर दी गई हैं। कलेक्टर ने सभी नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम अपने क्षेत्र में बोर्ड परीक्षा की निरंतर मॉनिटरिंग करें। उड़नदस्ता दल, जोनल अधिकारी परीक्षा केंद्रों का सतत निरीक्षण करें। जिले में परीक्षा का सुचारू रूप से संचालन किया जाएं। उन्होंने जनजातीय छात्रावासों के अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण में प्राप्त कमियों को दूर कराएं। विभिन्न मदो से आवश्यक सुधार की कार्यवाही की जाएं। उन्होंने फूड सेफ्टी के संबंध में शीघ्र बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। फसल गिरदावरी की कार्यवाही प्राथमिकता से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश सभी एसडीएम और तहसीलदारों को दिए।

### रामजी बाबा मेला की तैयारीयों की समीक्षा की

गरपालिका नर्मदापुरम द्वारा बताया गया की कल तक ले आउट डालने का कार्य पूरा हो जाएगा। शीघ्र ही दुकानों का आवंटन किया जाएगा। चौरागढ़ मेले की तैयारियों के संबंध में बताया गया कि भोजन, टेंट सहित अन्य जरूरी कार्यों की टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। साथ ही मरम्मत के कार्य भी लगभग पूर्णतः की ओर है। कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र सहित अन्य संपूर्ण पचमढ़ी क्षेत्र सहित साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखें। अस्थाई शौचालयों की व्यवस्था की जाएं। समुचित तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने ई पीडब्ल्यूडी को अतिरिक्त लेबर लगाकर पचमढ़ी मार्ग की मरम्मत और पेवरब्लॉक के कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि फेफरताल में स्वीकृत सीएमराइज स्कूल के संबंध में तहसीलदार नर्मदापुरम को आवश्यक सीमांकन कर एमपीईबी से एनओसी प्राप्त करने की कार्यवाही तेजी से पूर्ण कराएं।

## लोकसभा चुनाव में संवेदनशील मतदान केंद्रों को लेकर थाना प्रभारियों की हुई बैठक



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

आने वाले दिनों में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संवेदनशील मतदान केन्द्रों के निर्धारण के संबंध में प्रमोद सिंह गुर्जर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं राकेश खजूरिया सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सिवनी मालवा की अध्यक्षता में तहसील सभा कक्ष में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 सिवनी मालवा के संबंधित थाना प्रभारियो की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में लोकसभा निर्वाचन के लिए संवेदनशील मतदान केदो के संबंध में संबंधित थाना प्रभारियो से थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रो के संबंध में विस्तृत चर्चा कर प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चाहे गए हैं। बैठक में सिवनी मालवा थाना प्रभारी सज्जन सिंह मुकाती, शिवपुर थाना प्रभारी विवेक यादव, डोलरिया थाना प्रभारी खुमान सिंह पटेल, पथरोटा थाना प्रभारी संजीव पवार,तवानगर थाना प्रभारी जगदीश मालवीय केसला थाना प्रभारी झरवडे निर्वाचन कार्यालय प्रभारी पंकज परसाई, निर्वाचन मीडिया प्रभारी राम मोहन रघुवंशी एवं कार्यालय सहायक पुष्पराज सिंह पटेल उपस्थित थे।

## पापा ने पढ़ाई की बात कही तो दो नाबालिग बेटियों ने छोड़ा घर, पुलिस ने भेजा

### 25 दिन बाद बच्चियां बरामद

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

विकासखंड के ग्राम नंदरवाडा और उसके पास के ग्राम माला पाठ में माता-पिता द्वारा पढ़ाई को लेकर कही गई बात दो नाबालिग बच्चियों को इतनी नागवार गुजरी की उन्होंने घर छोड़ने का निर्णय ले लिया और दोनों ही बिना बताए अपनी बुआ के यहां जाकर रहने लगी पुलिस ने वामुश्किल 25 दिन बाद दोनों नाबालिग बच्चियों को सही सलामत लाकर उनके परिजनों को सौंपा। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 जनवरी को पढ़ाई नहीं करने की बात को लेकर कहां सुनी हो गई जिसमें दोनों ही नाबालिक बच्चियों ने एक राय होकर घर वालों को बिगर बताएं अपनी बुआ सुनीता बाई के यहां तामिया गढ़ ग्राम जस्वन्दी थाना बैतूल बाजार चली गई थी। इस बात की जानकारी परिजनों द्वारा सिवनी मालवा थाने में दी गई पुलिस ने तुरंत ही गुम इंसान कायम कर मामले को विवेचना में लिया। और 17 फरवरी को दोनों बच्चीओ को उनके माता-पिता के सुपर्ध किया। इस पूरे मामले में पुलिस टीम के एएसआई सुरजीत सिंह ठाकुर,आरक्षक धर्मेंद्र रजावत,आरक्षक मुकेश क्षाडे,महिला आरक्षक प्रतीक्षा शर्मा की सराहनीय भूमिका रही ।

## जिले में नकली, मिलावटी खाद्य पदार्थो का कारोबार करने वालों के विरूद्ध की जा रही है सख्त कार्रवाई

**रायसेन ।** कलेक्टर अरविंद दुबे ने जिले में अभियान चलाते हुए नकली और मिलावटी घी, मावा, तेल, दूध सहित अन्य खाद्य पदार्थो का कारोबार करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए कलेक्टर श्री दुबे द्वारा संयुक्त जांच दल भी गठित किए गए हैं, जिनके द्वारा नियमित रूप से खाद्य पदार्थो के निर्माण स्थल, प्रतिष्ठानों आदि का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थो के नमूने लेकर जांच की जा रही है। जांच दल द्वारा चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला में खाद्य पदार्थो की प्रारंभिक जांच की जा रही है तथा मिलावट पाए जाने पर मौके पर जप्ती और लीगल नमूने लेने की कार्यवाही भी की जा रही है। कलेक्टर श्री दुबे ने जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थो के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जाकर प्रभावी कार्यवाही किए जाने के लिए दल गठित किए गए हैं।

## समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन हेतु पंजीयन 01 मार्च तक

**रायसेन।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जित करने के लिए किसानों की सुविधा के लिए निर्धारित पंजीयन प्रक्रिया अनुसार 05 फरवरी से पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं। जिले में गेहूँ उपार्जन हेतु पंजीयन के लिए 117 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। जिले के किसान भाई 01 मार्च तक शासकीय कार्य दिवसों में निर्धारित पंजीयन केन्द्रों पर जाकर पंजीयन करा सकते हैं। विगत रबी एवं खरीफ की भांति इस वर्ष भी किसान पंजीयन को भू-अभिलेख के डाटाबेस आधारित किया गया है। वन पट्टाधारी एवं सिकमी किसानों के पंजीयन सुविधा केवल समिति स्तर पर है। किसान भाई तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, ग्राम पंचायत कार्यालय और जनपद पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र, एमपी किसान एप पर किसान पंजीयन 05 फरवरी से 01 मार्च 2024 तक निःशुल्क पंजीयन कर सकते हैं। इनके अतिरिक्त एमपी ऑनलाईन, सीएससी, लोक सेवा केन्द्र, इंटरनेट कैफे पर अधिकतम 50 रू भुगतान कर पंजीयन करा सकते हैं।

**मेट्रो एंकर** मैदानी अमले के बिना किसी भी योजना या अभियान को सफल बनाना संभव नहीं

# जिले का कोई भी किसान सरकार की योजना के लाभ पाने से वंचित न रहेः कलेक्टर

**सीहोर, दोपहर मेट्रो**


जिले का काई भी किसान सरकार की योजना का लाभ पाने से वंचित न रहे। इसके लिए यह जरूरी है कि सभी किसानों का समग्र पोर्टल पर ई-केवाईसी एवं खसरे की लिंकिंग का कार्य शत प्रतिशत हो। यह बात कलेक्टर सिंह ने वीसी के माध्यम से जिली की सभी 542 ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से कही।



कलेक्टर सिंह ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुचाने में मैदानी अमले की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती। मैदानी अमले के बिना किसी भी योजना या अभियान को सफल बनाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी राजस्व अभियान चल रहा। इस अभियन के तहत समग्र पोर्टल पर जिले के सभी किसानों के खसरे की लिंकिग और ई-केवाईसी कराने सभी पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी, आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता गावों किसानों से सम्पर्क करें। किसानों को को जागरूक और प्रेरित करते हुए यह बताएं कि शासन की योजना का लाभ पाने के लिए ई-केवाईसी एवं खसरा लिंक कराना आवश्यक है। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी ग्रामीण अमले से कहा कि शत प्रतिशत ई-केवाईसी एवं खसरा लिंक कराने में पूरी गंभीरता से आज से ही इस कार्य में लग जाएं। डीआईओ श्री संजय जोशी, डीईजीएम गौरव बंसल द्वारा समग्र पोर्टल पर खसरा लिंक करने की प्रक्रिया को पीपीटी के माध्यम से विस्तार से बताया गया। वीसी के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यालय अधिकारी श्री आशीष तिवारी, सहायक कलेक्टर श्री अर्पित गुप्ता, एसडीएम श्री तन्मय वर्मा उपस्थित थे।

**उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायत होगी पुरस्कृत**

समग्र पोर्टल पर किसानों की ई-केवाईसी तथा खसरा लिंक कराने कें उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों और उस पंचायत से जुड़े अमले को पुरस्कृत किया जाएगा। जो पचायतें 90 प्रतिशत से अधिक ई-केवाईसी तथा खसरा लिंक कराने वाली पंचायतों और इस कार्य से जुड़े अमले को नगद राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार 75 प्रतिशत से अधिक ई-केवाईसी तथा खसरा लिंक कराने वाली पंचायतों और अमले को प्रशस्ति पत्र प्रदान का सम्मानित किया जाएगा।



# राजस्थान से आए भेड़ सड़क पर, शहर जाम



**सिरोंज।** अभी फसलों की कटाई प्रारंभ भी नहीं हुई, इससे पहले ही राजस्थान से भेड़ों का आना शुरू हो गया है। रेगिस्तान के जहाज कहलाने वाले ऊंट भी आ गए हैं। इससे किसानों को फसलें क्षतिग्रस्त होने का डर भी सता रहा है। बड़ी संख्या में भेड़ और ऊंट को लेकर राजस्थान में भी बड़ी संख्या में लोगों ने डेरा जमा लिया है। जैसे ही इनका प्रवेश शहर में हुआ तो बाईपास पर जाम के हालात बनने लगे हैं। बड़ी मुश्किल से इन भेड़ों एवं ऊंटों को हटाया गया, तब जाम से मुक्ति मिल सकी। हर साल राजस्थान से लोग अपने भेड़ और ऊंट को लेकर मध्य प्रदेश में आते हैं और कई दिनों तक कहीं पर रुकते हैं।

# दीनदयाल पार्क के टूटे झूले, पार्क में कचरा नगर पालिका के जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर के लोगो के लिए बच्चों एवं बडे के लिए घूमने पिकनिक बनाने के लिए एक मात्र स्थान है जों नगर के लटेरी रोड स्थित दीनदयाल पार्क के नाम से मषहूर है जहां पर नगर पालिका द्धारा सुंदर पेड़ पौधे झूले फिसल पट्टी और छोटे बच्चो के लिए अनेक प्रकार के मनोरंजन के साधन है उपलब्ध कराऐं थे। लेकिन जो नपा ने उपलब्ध कराए थे साधन वे पूरी टूट फूट गये हैं। झूले टूटे पड़े हुए है, बच्चे के लिए खेल के सामान हैं वे भी पूरी तरह टूट फूट गये है लेकिन नपा प्रशासन द्धारा इस और बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। छोटे छोटे बच्चे टूटे हुए झूले पर बैठ कर फिसल पट्टी पर ही फिसल रहे हौ कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है लेकिन नपा प्रशासन इस और ध्यान दे ।

वहीं देखा जाए कि दीनदयाल पार्क में घास एक हाथ बराबर हो गई है जिससे कांटे का डर बना हुआ है छोटे छोटे बच्चे भागते भागते घास की और चले जाते हैं, जिससे परिजनों को डर लगा रहता है कि कही



घास कचर मे कोई कीड़ा न काअ लें। गौरतलब हो कि नपा में देख रेख एवं साफ सफाई के लिए कई कर्मचारी उपलब्ध हैं, लेकिन वे भी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। चूंकि जब जिम्मेदार ही इस और ध्यान नही दे रहे हैं तो उन्हें देने की क्या जरूरत है ।

**मिलावट करने वालों पर सख्त से सख्त हो कार्रवाई**

# टीएल मीटिंग राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सीहोर, दोपहर मेट्रो।**

जिला पंचायत सभाकक्ष में समय सीमा वाले विभागीय एवं वरिष्ठ कार्यालयों से आने वाले पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा बैठक कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर सिंह ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए विभागवार लंबित शिकायतों तथा निराकरण संबंधी जानकारी लेते हुए सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायत प्राप्त होते ही सभी शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने कहा है कि मिलावट करने वालों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई करना शासन की प्राथमिकता है। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा है कि सभी एसडीएम, तहसीलदार, फूड इंस्पेक्टर एवं संबंधित अधिकारियों के साथ दल गठित कर अधिक से अधिक सैम्पलिंग का कार्य करें। दूध एवं दूध से बने पदार्थों की नियमित जाँच की जाए। खाद्य सामग्री जो अमानक पाई जाए, उसको नष्ट करने की कार्रवाई भी की जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी खाद्य कारोबारियों पंजीयन हो।

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं अग्रणी महाविद्यालय के प्रचार्य को जिले के स्कूलों एवं कॉलेजों में हेल्थ क्लब गठन कर खाद्य सुरक्षा संबंधी गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ईट राइट गतिविधियों के अंतर्गत ईट राइट कैम्पस, ईट राइट स्कूल, भोग, ईट राइट स्टेशन, हाइजीन रेटिंग आदि का प्रमाणन किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व विभाग के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की पूर्ति करें। निर्माण एवं विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों के स्वीकृत निर्माण एवं विकास कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने एवं विभिन्न परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन एवं भू आवंटन की कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री आशीष तिवारी, सहायक कलेक्टर श्री अर्पित गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, एडीएम श्री तन्मय वर्मा सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ सहित सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।

**लापरवाही और घटिया निर्माण की वजह से छत भी गिरी**

# मजदूरों की मौत के जिम्मेदारों पर क्या पुलिस-प्रशासन करेगा ठोस कार्रवाई

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लापरवाही से हुए हादसे की जांच पुलिस के द्वारा गंभीरता से करवाई जा रही है। जिनकी भी लापरवाही सामने आएगी उनके खिलाफ 304 ए प्रकरण भी दर्ज करने की तैयारी पुलिस के द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। लापरवाहों पर लगाम लगाने की लिए इस तरह की कार्रवाई भी होगी तभी हादसों पर रोक लग पाएगी नहीं तो इस तरह के हादसे लगातार होते रहेंगे पहले भी हादसे हो चुके हैं जिन पर ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण निर्माण करने वाले व काम लेकर लापरवाही और घटिया काम करने वाले ठेकेदारों पर भी शिकंजा नहीं कसा गया। इस वजह से उनके द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं के साथ निर्माण कार्य नहीं करवाया जाता है। वहीं अधिकांश ठेकेदारों के द्वारा अपने हिसाब से जुगाड़ से ही काम करवाया जा रहा है इसकी वजह से इस तरह की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है।

### जो भी जिम्मेदार होगा उसको बक्सा नहीं जाएगा

जिन लोगों की लापरवाही से दो



मजदूरों की मौत हुई है उन पर कड़ी कार्रवाई करने की बात एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी ने प्रारंभ करवा दी है मजदूरों के मौत के गुनहगारों पर जल्दी ही काडी कार्रवाई हो सकती है । जिस तरह से जांच एसडीपी के द्वारा करवाई जा रही है इसको देखते हुए ऐसा लग रहा है। एक दिन पहले आरोन रोड पर स्थित निसयाई जी पर संचालित होने वाले स्कूल के गेट का निर्माण करवाने वाली निर्माण समिति के मना करने के बाद भी रविवार को गेट का स्लोप और छत डालने का काम किया जा रहा था तभी लापरवाही और घटिया निर्माण की वजह से छत भी गिर गई जिसमें दबने से राम प्रसाद जाटव तथा शफीख खान की छत के मलवे में दबने से मृत्यु हो गई अभी पुलिस ने मार्ग का प्रकरण दर्ज करके मामले को विवेचना में लिया है दूसरी ओर इसमें लापरवाही साफ तौर से निर्माण करवाने वाले और करने वाले ठेकेदारों की सामने आ रही है। जिसके बाद जांच के दौरान दो व्यक्तियों के नाम पर कार्रवाई की बात पुलिस के द्वारा कही जा रही हैं।इस मामले में पुलिस प्रशासन ने लापरवाही से काम करवाने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर दी तो हादसों पर भी ब्रेक लग जाएगा यदि इस मामले में ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो इसी तरह के मामले निरंतर होते रहेंगे । दोषियों पर कार्रवाई की मांग मृतक के परिजनों के द्वारा भी कहीं जा रही है। क्या पुलिस प्रशासन इस हादसे के जिम्मेदारों पर ठोस कार्रवाई कर पाएगी या नहीं। छत में दबने से दो मजदूरों की मौत हो गई है, तीसरे की हालत भी गंभीर बताई जा रही उसका इलाज चल रहा है, वहां भी जिंदगी मौत से लड़ रहा है।

### पटवारी को नहीं मिला जांच के लिए समय

प्रदेश में मोहन यादव की संवेदनशील सरकार काम कर रही है उनके द्वारा लगातार संवेदन शीलता दिखाते हुए गरीबों की मदद करने के निर्देश दिए गए हैं ।दूसरी ओर हादसे में अपनी जान गबने वाले दोनों मजदूरों को किसी भी तरह की सहायता उपलब्ध करने की बात तो दूर की बात है शहर पटवारी के पास इतना भी समय नहीं था कि वह मौके पर पहुंच कर जांच करके प्रतिवेदन भी तैयार करके किसी भी शासन की योजना में इन मजदूरों को लाभ दिलवाने के लिए तहसीलदार के पास भेज सके इतना काम भी नगरीय क्षेत्र के पटवारी नहीं कर पाए हैं।लोगों ने बताया कि शहरी क्षेत्र के पटवारी के द्वारा मनमर्जी से अपना काम किया जाता और यदि कोई व्यक्ति इनके पास अपनी समस्या लेकर पहुंच जाता है तो उनसे कहते हैं जहां जाना वहां जाकर शिकायत कर दो शहर पटवारी किसी की सुनता ही नहीं है दूसरी ओर प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री की मनसा पर भी पानी फेरने का काम इस तरह से काम करने वाले पटवारी के द्वारा किया जा रहा है ।दुर्घटना घटित हुए दो दिन बीत गए हैं पटवारी जांच करने के लिए भी नहीं पहुंचे।

### इनका कहना है -

*मर्ग कायम करके मामले की विवेचना की जा रही है इसमें जो भी दोषी पाया जाएगा उनके खिलाफ कठोरता कार्रवाई की जाएगी, इसमें साफ तौर पर लापरवाही दिख रही है तभी तो मजदूर की मौत हुई है।*

**उमेश कुमार** ,त्रिपाठी एसडीओपी

*हमारे पास कोई शिकायत नहीं आई है फिर भी पटवारी को भेज कर जांच करवाएंगे शासन की किस योजना के अंतर्गत इन मजदूरों परिजनों को लाभान्वित कर सकते हैं। उसके लिए हमने वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन मांगा है ।*

संजय कुमार चैरसिया

# ट्रैक्टर ट्रॉली में भरा लोहे का सारिया बन सकता है बड़े हादसे का कारण

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर में अगर आप सरिया अन्य सामाग्री लदे वाहन के पीछे चल रहे हैं तो आपको सावधान होकर चलने की जरूरत है। शहर सहित अंचल में वाहनों से बाहर निकलते सरिया अन्य सामाग्री से आपकी जान को खतरा हो सकता है। शहर की सड़कों पर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए ऐसे वाहनों को देखा जा सकता है। इस कारण लोगों को दुर्घटना के साथ जान का खतरा भी बना ही रहता है।



नगर की सड़कों पर वाहनों में बाहर तक लोहे के सरिया निकालकर धड़ल्ले से इनका परिवहन किया जा रहा है। इससे गंभीर हादसे का अंदेशा है और राहगीरों की जान भी जा सकती है। इसके बाद भी मोटर व्हीकल एक्ट के नियमों को ताक पर रखकर सड़कों पर इनको ले जाया जा रहा है। यह सब शहर की सड़कों पर दिन और रात पुलिस की नाक के नीचे हो रहा है। प्रतिदिन कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियां, मैजिक आदि लोडिंग वाहनों में भारी सामान ओवरलोड करके नगर में लाया जा रहा है। इन वाहनों की बॉडी में से बाहर कई फीट दूरी तक लोहे की चद्दरें, सरिये, लोहे के पाइप, गर्डर आदि निकले हुए रहते हैं। जब इन भारी व नुकीले सामान से लदा लोडिंग वाहन सड़कों पर दौड़ता है या दौड़ते हुए अचानक ब्रेक लगाता है तो पीछे से आने वाले अन्य वाहन व उनमें बैठे चालकों के शरीर में भारी व नुकीले सामान के घुसने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए चालक खुद ही कोशिश कर रहे हैं। चूंकि सरिया लदे वाहनों के पीछे चलने वाले चालक सूझबूझ दिखा रहे हैं। लेकिन नियम तोड़ने वाले ऐसे वाहनों को लेकर प्रशासन की नींद नहीं खुल रही।

# राष्ट्रीय कृषि विकास योजना में प्रस्ताव 29 फरवरी तक आमंत्रित

**सीहोर ।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना ( आरकेवीवाय ) में प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं। जिलों में एग्रोफॉरेस्ट्री योजना के प्रावधानों के अनुरूप नर्सरी विकास, हाईटैक नर्सरी, वृहद नर्सरी आदि की स्थापना तथा विकास कार्यों को प्रोत्साहन देने के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं। आयुक्त किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया है कि आरकेवीवाय योजना कैफेटेरिया में इच्छा की अभिव्यक्ति ( ईओआई ) में उपयुक्त व्यक्तियों, संस्थाओं, कृषक उत्पादक संगठनों ( एफपीओ ), स्वयं सहायता समूहों ( एसएचजी ) तथा शासकीय/अशासकीय संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं। इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं अपने प्रस्ताव 29 फरवरी तक प्रस्तुत कर सकते हैं। योजना, प्रस्तावित कार्यों का विवरण एवं आवेदन का प्रारूप विभागीय वेबसाइट www. mpkrishi. mp.gov.in/ से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

# कलेक्टर ने की लंबित आवेदनों की समीक्षा, बोले-जनवरी की शिकायतों का करें निराकरण

**विदिशा, दोपहर मेट्रो।**

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक के दौरान सभी विभागो के जिलाधिकारियों से कहा है कि विभागीय सीएम हेल्पलाइन संबंधी शिकायतों के निराकरण हेतु विशेष



पहल करें। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तरीय जिलो की रैकिंग सूची 21 फरवरी को जारी की जाएगी। कलेक्टर भार्गव ने जिला कोषालय अधिकारी को निर्देश दिए है कि ऐसे विभागो के जिलाधिकारियों का वेतन रोका जाए जिनके द्वारा सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों के निराकरण में रूचि प्रदर्शित नहीं की गई है साथ ही आवेदनकर्ताओं से एल वन स्तर पर सम्पर्क नहीं होने के कारण यह शिकायत एल टू, एल थ्री स्तर पर शिफ्ट हो गई है।

कलेक्टर श्री भार्गव ने विभागो के जिलाधिकारियों से कहा है कि जनवरी माह की दर्ज शिकायतों का समाधान आगामी दो दिवस में अधिक से अधिक निराकृत जिले की रैकिंग में सुधार लाएं ताकि फायनल जारी होने वाली जिलो की प्रदेश स्तरीय रैकिंग सूची में विदिशा जिला पिछड ना पाए। कलेक्टर भार्गव ने राजस्व, स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और शिक्षा विभाग सहित पूर्व उल्लेखित विभागो में सर्वाधिक शिकायते लंबित होने के कारण इन विभागो के जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारियो को सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों का निराकरण युद्धगति से कराए जाने पर उन्होंने बल देते हुए कहा कि ऐसी शिकायते जो न्यायालय में विचाराधीन है। मांग संबंधी अथवा बजट अभाव के कारण पूरी नहीं हो सकती है ऐसी शिकायतो के फोर्सक्लोज कराया जाए ताकि शिकायतो की संख्याओं में कमी आ सकें। उन्होंने फोर्सक्लोज कराए जाने वाली शिकायतो में स्पष्ट कारण अंकित कर फोर्सक्लोज की कार्यवाही की जाए।

**मेट्रो एंकर** | राष्ट्रीय संत आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज की श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन

# श्रवण संस्कृति का रवि अस्त, एक युग का अंतः भार्गव

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

आयार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के समाधि मरन के पष्चात जैन समाज ही नही बल्कि पूरे देष में मानव समाज में आचार्य श्री के जाने का दुख है। इसको लेकर जगह-जगह श्रद्धाजंलि सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को कृषि उपज मण्डी में थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ द्वारा श्रद्धाजंलि सभा आयोजित की गई। इस मौके पर पुलिस एसडीओपी उमेष तिवारी ने कहा कि आचार्य श्री के बारे जितना कहा जाए उनता ही कम है। उन्होने एक संस्मण सुनाते हुए कहा कि में अति सौभाग्य शाली हूं कि जब मेरी पोस्टिंग भोपाल में थी तो उस समय मुझे मुनि के दर्षन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और उनका आर्षीवाद मुझे प्राप्त हुआ। मेने उन्हें काफी करीब से देखा उनकी त्याग तपस्या देखते ही बनती थी। उनके द्वारा दिए गए उध्येषो और विचारो पर अनेको पुस्तकें लिखी जा सकती है लेकिन फिर भी उनके उध्ष्य समाप्त नही होगें।

अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव ने कहा कि पुनः से मिलता है ऐसा व्यक्तिव जो समाज को जीव दया का संदेष दिया। कुरितियों को दूर करने में प्रयास किया। संस्कार संस्कृति सतत धारा के प्रवाहक थें आचार्य श्री। आध्यमिक गुरू के साथ उच्च कोटि के षिक्षक भी थें। आचार्य श्री के द्वारा चलाए हाथकरधा अभियान के करण आज मध्यप्रदेष के कई जेलों में कैदी हाथकरधा से जुडें है। वह न केवज जेलो में बल्कि वहा से बाहर आने के बाद भी अपने पाप कर्मो को छोडकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहें है। आचार्य श्री ने इसी भावना से



हाथकारधा अभियान प्रांरभ किया था। वरिष्ठ समाजसेवी एंव किसान नेता सुरेन्द्र रघुवंषी ने कहा कि आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज जैसा व्यक्तिव बडें पुनः से मिलता है। आयार्च श्री ने जिस दूरदृष्टि के साथ समाज उत्थान के लिए कार्य किया है वह वास्तव में आत्मकल्याण के साथ सामाजिक कल्याण के लिए भी उपयोगी सिद्ध हुआ है।

सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने कहा कि आचार्य श्री ने न केवल पष्चात संस्कृति से प्रभावित युवा वर्ग को आध्यात्मिकता से जोडा बल्कि अनेक कम उम्र के युवाओ को दीक्षित करके संपूर्ण जगत को संदेष दिया कि आध्यात्मिक क्षेत्र में ही वास्तविक शांति प्राप्त की जा सकती है। इसीलिए उन्होने प्रतिभा स्थली जैसी संस्थाओं की स्थापना कराकर बेटियों को कुसंस्कारों से बचाने का कार्य किया, जो समाज में संस्कार व संस्कृति बढाने का कार्य करेगा। कृषि उपज मण्डी सचिव फतैह सिंह चैहान ने कहा कि आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज का मध्यप्रदेष से विशेष लगाव रहा है उनकी प्रेरणा से प्रदेश में अनेको गौषालाए,स्कूल,अस्पतालो का निर्माण हुआ है। उन्होने समाज के हित में देष नही बल्कि विदेषो में भी परचम फहराया है। जैन समाज के अध्यक्ष जिनेन्द्र जैन ने आचार्य श्री के बारे में कई संर्स्मण सुनाते हुए कहा कि आचार्य श्री ने 67 पंचकल्याणक किए है इनमें 52 मध्यप्रदेश के ही है। बुंदेलखण्ड में उनके प्रभाव का ही कमाल था की उन्होने उस क्षेत्र में 17 मंदिर की प्रतिष्ठा कराई और सिरोंज में भी जैन समाज एंव शहर को विषेष आर्षीवाद दिया। वरिष्ठ समाजसेवी राजेश मित्तल ने कहा कि आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज जैसा व्यक्तिव न केवल संपूर्ण जैन समाज बल्कि पूरे देष के लिए गौरव का विषय था। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष पदम ताम्रकार ने कहा कि आचार्य श्री ने युवाओं को संस्कार और संस्कृति से जोडने के लिए केवल दीक्षा ही नही दी। बल्कि उनके अध्यात्मिक ज्ञान भी दिया है।

### कार्यक्रम को इन लोगो ने किया संबोधित

वरिष्ठ समाजसेवी एंव जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष पं बागमल जैन, पूर्व मंत्री जितेन्द्र जैन बब्लू, नैमीचन्द्र जैन भौरिया, वस्त्र व्यापार संघ के अध्यक्ष अर्पित मित्तल, अरविन्द्र जैन विदिषा, जैन बडें मंदिर के अध्यक्ष प्रवीण जैन भूपत, राजकुमार जैन, महेन्द्र सिंघल, प्रमोद जैन भौरिया, पंकज जैन, गगन तारण, राजेश रानू जैन, प्रयंक जैन, लोकेष जैन, मनीष जैन, गौरव जैन आदि ने कार्यक्रम में अपने अपने विचार व्यक्त किए।


## जाहिर सूचना

श्री रणजीत सिंह कुशरे वनक्षेत्रपाल पिता श्री किशन सिंह कुशरे उत्तर वन मण्डल सागर, स्थाई पताः- ग्राम पुरवा बहमनी, तहसील जबलपुर, पोस्ट दयोरी जिला जबलपुर ( मप्र ) पिन कोड- 483113 की सूचित किया जाता है कि मुख्य वन संरक्षक सागर वृत सागर के आदेश क्रमांक/ स्था./02/2018/ 24 दिनांक 10.05.2018 के द्वारा वन मण्डल नौरादेही ( व. प्रा. ) वन मण्डल सागर में टाईगर की सुरक्षा हेतु टाईगर मॉनिटरिंग सेल गठित की गई थी। जिसमें आप अस्थायी रूप से प्रभारी नियुक्त थे। टाईगर सुरक्षा में आपके द्वारा की गई लापरवाही के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर मुख्यालय उत्तर वन मण्डल सागर नियत किया गया था। लेकिन आप अपने मुख्यालय उत्तर वन मण्डल सागर में आज दिनांक तक उपस्थित नहीं हुये।

मुख्य वन संरक्षक सागर वृत सागर के आदेश क्रमांक / स्था./ 02/ 2018/ 80 दिनांक 20.12.2018 के द्वारा आपको विभागीय जांच पर बिना प्रभाव डाले निलंबन से बहाल कर उत्तर वन मण्डल में पदस्थ किया गया था। लेकिन तब भी आप अपने मुख्यालय पर उपस्थित नहीं हुये।

आप निलंबित दिनांक 10.05.2018 से आज दिनांक 13.02.2024 तक 05 वर्ष 09 माह 03 दिवस आप बगैर पूर्व सूचना/ अनुमति के अनाधिकृत रूप से अपने मुख्यालय से अनुपस्थित है।

आप उक्त सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 15 दिवस के भीत आप अपने मुख्यालय कार्यालय उत्तर वन मण्डल सागर में उपस्थित होवें।

**वन मण्डल अधिकारी**
**उत्तर वन मण्डल सागर**

G-24414/23

## भारत-इंग्लैंड के बीच चौथा मैच 23 फरवरी से रांची में खेला जाएगा

# चौथे मुकाबले में वापसी के लिए तैयार है केएल राहुल!



**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का चौथा मुकाबला 23 फरवरी से रांची में खेला जाएगा। इंग्लैंड ने हैदराबाद में सीरीज का पहला टेस्ट मैच जीता था। उसके बाद टीम इंडिया ने जबरदस्त वापसी की। उसने विशाखापत्तनम और राजकोट में अगले दो टेस्ट जीत लिए। अब भारत सीरीज में 2-1 से आगे है। चौथे मुकाबले के लिए दोनों टीमों की तैयारियां शुरू हो गई हैं। रोहित शर्मा की टीम के लिए अच्छी खबर सामने आई है कि अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल अगले मैच में खेल सकते हैं। राहुल झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में होने वाले चौथे टेस्ट में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। राहुल क्वाड्रिसेप्स स्ट्रेन के कारण दूसरे और तीसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। हैदराबाद में पहले टेस्ट में चमकने वाले इस स्टार बल्लेबाज को आखिरी तीन टेस्ट के लिए टीम में शामिल किया गया था।

### बुमराह को मिल सकता है आराम

अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिए जाने की संभावना है। टीम प्रबंधन उनके वर्कलोड को मैनेज करना चाहता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बुमराह भारतीय टीम के साथ राजकोट से रांची तक यात्रा नहीं करेंगे। रोहित शर्मा और उनके साथी रांची जाएंगे। बुमराह ने तीन टेस्ट में 17 विकेट लिए हैं। अगर वह नहीं खेलते हैं तो मुकेश कुमार की वापसी हो सकती है। भारतीय टीम में बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश दीप हैं। उन्हें डेब्यू का मौका भी मिल सकता है।

### रजत पाटीदार हो सकते हैं बाहर

राहुल की अगर वापसी होती है तो रजत पाटीदार प्लेइंग-11 से बाहर हो सकते हैं। रजत को विशाखापत्तनम टेस्ट में डेब्यू करने का मौका मिला था। वह पहली पारी में 32 और दूसरी पारी में नौ रन बनाकर आउट हो गए थे। उसके बाद उन्हें रांची में फिर से मौका दिया गया। रजत एक बार फिर से फेल हो गए। वह पहली पारी में पांच रन ही बना पाए थे। दूसरी पारी में तो खाता भी नहीं खोल पाए। ऐसे में चार पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगाने वाले रजत को राहुल के फिट होने पर बाहर बैठना पड़ सकता है।

### यशस्वी जायसवाल बने नंबर-वन बल्लेबाज, पहले ही सीजन में तमाम दिग्गजों को पछाड़ा



वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जा रही भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले में यशस्वी जायसवाल ने नाबाद 214 रन की तूफानी पारी खेलकर धमाल मचा दिया है। यशस्वी जायसवाल का ये पहला ही सीजन है, जिसमें उन्होंने दुनिया के बड़े-बड़े दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने लगातार दूसरा दोहरा शतक जड़ा है। इस डबल सेंचुरी के साथ ही अब यशस्वी जायसवाल वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। यशस्वी की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर ही भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली है। भारत के 557 रन के विशाल लक्ष्य के सामने इंग्लैंड की पूरी टीम बुरी तरह से लड़खड़ा गई और महज 122 रन पर ही सिमगट गई। भारतीय टीम इस जीत के साथ ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की पॉइंट्स टेबल में दूसरे पायदान पर पहुंच गई है।

#### दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा

डब्ल्यूटीसी के इस चक्र में दूसरे स्थान पर 855 रन के साथ ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा हैं। तीसरे नंबर पर 706 रन के साथ इंग्लैंड के जैक क्रॉली हैं। वहीं, चौथे पर स्टीव स्मिथ 687 रन और पांचवें पर 630 रन के साथ एम मार्श हैं।



## मेट्रो बाजार

## विभोर स्टील का शेयर 181% ऊपर लिस्ट, सेंसेक्स में 130 अंक की तेजी

**मुंबई, एजेंसी**

शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी देखने को मिल रही है। सेंसेक्स करीब 130 अंक की तेजी के साथ 72,845 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, निफ्टी में भी 5 अंक की तेजी है, ये 22,130 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में गिरावट और 9 में तेजी देखने को मिल रही है। वहीं, पेटीएम के शेयर में आज भी मार्केट ओपन होते ही 5त्न का अपर सर्किट लग गया है। इससे पहले कल भी पेटीएम के शेयर में मार्केट ओपन होते ही अपर सर्किट लग गया था। विभोर स्टील ट्यूब्स के शेयर ने स्टॉक एक्सचेंज में शानदार शुरुआत की है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में कंपनी का शेयर 425 पर लिस्ट हुआ, जो इश्यू प्राइस से 181.5त्न अधिक है। वहीं, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में कंपनी का शेयर इश्यू प्राइस से 178.81 फीसदी ऊपर 421 पर लिस्ट हुआ।



**कल बाजार में रही थी तेजी:** इससे पहले कल 19 फरवरी को शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली थी। निफ्टी ने 22,186 का ऑल टाइम हाई बनाया था। हालांकि, यह हाई से थोड़ा नीचे आकर 81 अंक की तेजी के साथ 22,122 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, सेंसेक्स में 281 अंक की तेजी रही, जो 72,708 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में तेजी और 13 में गिरावट देखने को मिली थी। इसके अलावा पेटीएम के शेयर में लगातार दूसरे कारोबारी दिन 5 फीसदी का अपर सर्किट लगा था।

## टाटा ने लॉन्च की देश की पहली ऑटोमेटिक सीएनजी कार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स ने देश की पहली ऑटोमैटिक सीएनजी कारें लॉन्च कर दी है। इससे पहले इस वर्जन में कोई भी कार देश में मौजूद नहीं थी। इन कारों की कीमत भी 10 लाख रुपए से कम रखी गई है। इनके माइलेज और खूबियां भी काफी जरबदस्त हैं। टाटा मोटर्स ने देश की पहली ऑटोमेटिक सीएनजी कार को लॉन्च कर बड़ा धमाका कर दिया है। अब तक कोई भी कंपनी ऐसा नहीं कर पाई है। टाटा ने अपनी सबसे सस्ती हैचबैक टीगो सीएनजी और सस्ती सेडान को ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन गियरबॉक्स के साथ भारतीय मार्केट में उतार दिया है। इनकी शुरुआती कीमत सिर्फ 7.89 लाख रुपए रखी गई है। ऑटोमेटिक वैरिएंट की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 7,89,900 रुपए है। यह हैचबैक चार ट्रिम में पेश की गई है। इसके टॉप वैरिएंट ट्रिम की कीमत 8,79,900 लाख रुपए है। वहीं, ऑटोमेटिक को दो ट्रिम के साथ लाया गया है। जिसका बेस वैरिएंट 8,84,900 रुपए व टॉप वैरिएंट 9,54,900 रुपए (एक्स-शोरूम) में आ रहा है। टाटा मोटर्स का दावा है इन ऑटोमेटिक सीएनजी कारों की माइलेज 28.06 किलोमीटर प्रति किलोग्राम है।

#### ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को हराया

## सिनर ने जीता एबीएन एमरो ओपन एटीपी टूर्नामेंट खिताब



**रॉटरडैम, एजेंसी**

इटली के जानिक सिनर ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को 7-5, 6-4 से हराकर एबीएन एमरो ओपन एटीपी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। यहां खेले गये मुकाबले में सिनर ने डी मिनौर के खिलाफ रोमांचक फाइनल में दोनों सेटों में ब्रेक का फायदा गंवाने के बावजूद जीत हासिल की। एक गेम के बाद मिनौर पिछड़ गये और सेट गंवा दिया। इसके बाद सिनर ने आसानी से दूसरा गेम 6-4 से जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। सिनर की यह लगातार 15वीं जीत है। वह सोमवार को अपनी सर्वोच्च रैंकिंग में पहुंच जाएंगे। वह पिछले वर्ष फाइनल में रूस के डेनियल मेदवेदेव से हार गए थे।

जीत के बाद सिनर ने कहा, इस पूरे सप्ताह मैंने जिस स्तर का प्रदर्शन किया उससे मुझे वास्तव में गर्व है। उन्होंने कहा, हम कठिन परिस्थितियों में रहे हैं लेकिन हमने इसे सही तरीके से संभाला है। हम हमेशा सुधार करने का प्रयास करेंगे यह सबसे महत्वपूर्ण है।

ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन जेनिक सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार रॉटरडैम ओपन का खिताब अपने नाम किया। पुरुष एकल रैंकिंग में चौथे नंबर पर काबिज इटली के खिलाड़ी ने फाइनल मुकाबले में 11वें नंबर पर काबिज ऑस्ट्रेलिया के एलेस डी मिनौर को सीधे सेट में 7-5, 6-4 से हराया। सिनर की यह लगातार 15वीं जीत है।

#### टी-20 में अफगानिस्तान को 72 रन से हराया

## श्रीलंका ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाई



**दांबुला, एजेंसी**

श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच 3 टी-20 की सीरीज खेली जा रही है। सीरीज के दूसरे मुकाबले में सोमवार को श्रीलंका ने अफगानिस्तान को 72 रन से हराया। दांबुला में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। श्रीलंका ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 186 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान 17 ओवर में 115 रन पर ऑलआउट हो गया। श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज ने शानदार प्रदर्शन किया। बल्लेबाजी में उन्होंने नाबाद रहते 22 बॉल में 42 रन बनाए। वहीं, गेंद से 2 विकेट लिए। इस जीत के साथ श्रीलंका ने 3 मैच की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। टीम ने पहला मुकाबला 4 रन से जीता था। सीरीज का आखिरी मुकाबला इसी मैदान पर बुधवार 21 फरवरी को खेला जाएगा।

**प्लेयर ऑफ द मैच मैथ्यूज, श्रीलंका की शानदार बल्लेबाजी:** श्रीलंका ने शुरुआत से अटैकिंग अप्रोच रखी। ओपनिंग करने उतरे पथुम निसांका ने 11 बॉल में 25 रन और कुसल मेंडिस ने 14बॉल में 23 रन बनाए। वहीं, तीसरे विकेट के लिए धनंजय सिल्वा 14 रन बना कर आउट हुए। चौथे नंबर पर आए सदीरा समरविक्रमा एक छोर पर टिके रहे। वहीं, कप्तान वानिंदु हसरंगा 22 रन और चरिथ असलंका 4 रन बना कर आउट हुए।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## सुष्मिता सेन बोलीं- दिल का दौरा पड़ने के बाद मैं ऑपरेशन थिएटर में हंस रही थी...


सुष्मिता सेन ने खुलासा किया था कि 'आर्या' सीजन 3 की शूटिंग के दौरान उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। एक्ट्रेस ने अब इस बात पर आगे कहा कि हार्ट अटैक से ठीक छह महीने पहले उनकी मेडिकल रिपोर्ट्स बिल्कुल नॉर्मल थीं। सुष्मिता सेन ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा- अपनी ऑटोइम्यून स्थिति से गुजरते वक्त मुझे काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। इसमें सबसे बड़ी समस्याओं में से एक थी- ब्रेन फॉग। मैं आपसे पूछती हूं- आपका नाम क्या है? और फिर दो सेकंड बाद मैं आपसे दोबारा पूछती हूं- आपका नाम क्या है? एक पब्लिक फिगर के रूप में ये कुछ ऐसा था जिसने मुझे परेशान कर दिया।

### सुष्मिता सेन एक खुशमिजाज इंसान हैं

दिल का दौरा पड़ने के बाद उनकी जिंदगी में आए बदलावों के बारे में पूछे जाने पर सुष्मिता ने कहा- कुल मिलाकर, मैं हमेशा अपने स्वास्थ्य को लेकर काफी जागरूक रही हूं। मुझे लगता है कि मेरी मां, मेरे पिता, दोनों हृदय रोगी रहे हैं। इसलिए हम हमेशा आनुवंशिक रूप से जागरूक रहे हैं और खुद का समय-समय पर टेस्ट भी करवाते रहते हैं। सच कहूं तो दिल का दौरा पड़ने से 6 महीने पहले मैंने हार्ट के टेस्ट करवाए थे। रिपोर्ट्स में सब कुछ सही आया था। सुष्मिता सेन ने इस किस्से के बारे में आगे कहा- मैं जिंदगी का जश्न मनाने वाली इंसान हूं। मैं हमेशा से खुशमिजाज रही हूं। मेरे इस हैप्पी नेचर की वजह से मुझे मुश्किल हालातों से निपटने में मदद मिलती है। आपको जानकर हैरानी होगी लेकिन मैं ऑपरेशन थीएटर की टेबल पर भी हंस रही थी। मैं अपने डॉक्टर के साथ मजाक कर रही थी। मेरे पास एक बहुत ही अच्छा डॉक्टर था। हम बस एंजियोप्लास्टी होते हुए देख रहे थे। सच कहूं तो मैंने अपने डॉक्टर के साथ वास्तव में बहुत अच्छा समय बिताया था। बता दें सुष्मिता को पिछले साल दिल का दौरा पड़ा था और फिर उन्हें स्टेंट भी लगाए गए थे. ठीक होने के बाद, एक्ट्रेस ने इस महीने की शुरुआत में एक फैशन वीक में रैंप वॉक भी किया था.सुष्मिता येलो कलर के लहंगे में बेहद खूबसूरत लग रही थीं और रैंप पर वॉक करते हुए उन्होंने अपनी स्माइल से दिल जीत लिया था।



## रील बनाने वाले अभिनेताओं पर जमकर बरसे '12वीं फेल' स्टार, बोले- वे काम से नहीं करते हैं प्यार



अभिनेता विक्रांत मैसी इन दिनों सुर्खियों में बनें हुए हैं। उनकी फिल्म 12वीं फेल बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने में कामयाब रही है। विधु विनोद चोपड़ा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में विक्रांत के अभिनय की खूब तारीफ हुई है। पिछले दिनों अभिनेता ने एक साक्षात्कार के दौरान अपनी फिल्म के अलावा बॉलीवुड के उन अभिनेताओं के बारे में भी खुलकर बातें की जो शूटिंग के दौरान रील बनाते हैं।

### फिल्म सेट पर रील बनाना है गैर-पेशेवर

विक्रांत मैसी इन दिनों अपनी फिल्म 12वीं फेल की सफलता का जश्न मना रहे हैं। हाल ही में, अभिनेता ने मीडिया से बातें करते हुए कहा, मुझे वे लोग बिल्कुल भी पसंद नहीं हैं जो सेट पर आते ही सबसे पहले रील बनाते हैं। मुझे उनका यह तरीका गैर-जिम्मेदारीपूर्ण काम लगता है। आप सेट पर अभिनय करने आते हैं, रील बनाने नहीं। मैं किसी का नाम नहीं लेना चाहता हूं, लेकिन मैं जिनके बारे में बात कर रहा हूं वे समझ जाएंगे।

### अभिनय मेरे लिए सब कुछ है

विक्रांत मैसी अपनी बात को जारी रखते हुए कहते हैं, मैं सेट पर जाता हूं तो मेरा सारा ध्यान अपने स्क्रिप्ट और एक्टिंग पर रहता है। मेरे लिए अभिनय से बढ़कर कुछ भी नहीं है। मैं अपने काम से प्यार करता हूं। मुझे अगर किसी से शिकायत है तो मैं सामने से बोल देता हूं।

### फरहान अख्तर से हैं प्रेरित

'12वीं फेल' स्टार अभिनेता फरहान अख्तर से काफी प्रेरित हैं। उन्होंने फरहान की तारीफ करते हुए कहा, फिल्म 'दिल धड़कने दो' में मैंने फरहान के साथ काम किया था। मुझे उस फिल्म के दौरान फरहान से काफी कुछ सीखने को मिला। वे जावेद अख्तर के बेटे हैं, उनकी जिंदगी में क्या कमी है। जोया अख्तर उनकी बहन है फिर भी वे फिल्म की सेट पर रिहर्सल के लिए आते थे। वे स्क्रिप्ट याद करने की कोशिश करते थे। फरहान मुझे प्रेरित करते हैं बेहतर काम करने के लिए।

## फिल्म 'देवरा' में नजर आएंगी जाह्नवी



*अभिनेत्री जाह्नवी कपूर हिंदी फिल्मों के बाद साऊथ सिनेमा में भी जलवा बिखेरेंगी। हाल ही में खबर आई थी वह साउथ सिनेमा के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ 'देवरा' मूवी के जरिए तेलुगु मूवी में डेब्यू करेंगी। इसी बीच अब खबर है कि जाह्नवी, जूनियर एनटीआर (देवरा मूवी) के बाद दूसरी तेलुगु मूवी साइन कर ली है। इसकी जानकारी खुद उनके पिता बोनी कपूर ने दी।*

*जाह्नवी अपनी दूसरी तेलुगु मूवी 'आरसी 16' में अभिनय करती नजर आएंगी। इस बात की पुष्टि पिता बोनी कपूर ने की। इस मूवी में जाह्नवी के साथ लीड रोल में साउथ स्टार 'राम चरण' नजर आएंगे। ऐसे में देखा जाए तो जाह्नवी की साउथ सिनेमा में यह लगातार दूसरी बड़ी मूवी है। जिसके लिए उन्होंने साइन किए हैं। अभी हाल ही में उन्होंने देवरा मूवी की शूटिंग कंप्लीट की है।*

### फिल्म साइन को लेकर पिता बोनी कपूर ने दी जानकारी

बोनी ने कहा, जाह्नवी की देवरा मूवी की शूटिंग कंप्लीट कर ली हैं। अब वह बहुत जल्द राम चरण के साथ काम शुरू करने वाली हैं। मुझे पूरा भरोसा है, कि जान्हवी अच्छा काम करेंगी। वह तेलुगु फिल्म में भी लोगों को पसंद आएंगी। बता दें रामचरण की फिल्म आरसी 16 में कन्नड़ सुपरस्टार शिवा इस फिल्म से अपना तेलुगु डेब्यू करने जा रहे हैं।

### राम चरण और सूर्या के साथ काम करेंगी जान्हवी



बोनी ने कहा, मेरी बेटी पहले ही जूनियर एनटीआर के साथ एक फिल्म की शूटिंग कर चुकी है। वे जल्द ही वह राम चरण के साथ भी एक फिल्म शुरू करेंगी। रामचरण और जूनियर एनटीआर दोनों लड़के बहुत अच्छे हैं। जान्हवी बहुत सारी तेलुगु फिल्में देख रही हैं और उनके साथ काम करके वे धन्य महसूस करती हैं। मुझे उम्मीद है कि जान्हवी की फिल्म देवरा दर्शकों को पसंद आएगी। जान्हवी जल्द ही सूर्या के साथ भी स्क्रीन साझा करेंगी। उन्होंने अपनी पत्नी श्रीदेवी को याद करते हुए कहा, श्रीदेवी ने भी कई भाषाओं में अभिनय किया, मुझे उम्मीद है कि मेरी बेटी भी ऐसा ही करेगी।

## स्वतंत्रता सेनानी को नमन





**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं समाज सेवी स्व. पं. उद्धवदास मेहता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# पीएचक्यू में अपराधों से पीड़ित महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य परामर्श पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पुलिस मुख्यालय महिला सुरक्षा शाखा के द्वारा एवं यूएन वुमन के सहयोग से आज मंगलवार और कल बुधवार को महिला संबंधी अपराधों से पीड़ित महिलाओ के मानसिक स्वास्थ्य परामर्श के संबंध में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान (पीटीआरआई) जहांगीराबाद, के सभागार में पुलिस विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन एवं शहरी आजीविका मिशन के प्रतिभागियों के लिए घरेलू हिंसा एवं महिला



संबंधी अपराधों से पीड़ित महिलाओं, बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य परामर्श के संबंध में (टीओटी) प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। यूएन वुमन ग्रामीण आजीविका मिशन एवं शहरी आजीविका मिशन तथा पुलिस का एक साथ यह प्रशिक्षण प्रदेश में पहली बार आयोजित किया जा रहा है।

**विदिशा भोपाल रेलवे ट्रैक पर बढ़ रही रेल कटिंग की घटनाएं**

# ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**खंबदा नंबर 841/9 और इससे कुछ दूरी पर क्रमश-दो शव बरामद किए है। दोनों ही युवकों की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हुई है। दोनों के पास से पुलिस को ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उनकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने दोनों शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिए है। पुलिस उनकी शिनाख्त करने के प्रयास कर रही है।**

एसआई रामकुमार ने बताया कि बीती रात करीब एक बजे के आसपास रेलकर्मी ने सूचना दी थी कि विधाता अस्पताल के पीछे छोला मंदिर में रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक की उम्र करीब 30 से 35 साल के आसपास बताई जा रही है। मृतक की तलाशी लेने पर पुलिस को कोई भी दस्तावेज नहीं मिला और उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव पीएम के



लिए मर्चूरी भेज दिया था। इसी बीच आज सुबह करीब आठ बजे के आसपास फिर एक शव विधाता अस्पताल के पीछे रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षत अवस्था में देखा गया। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक की उम्र करीब 40 साल के आसपास बताई?जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोनों ही शव करीब छह से आठ घंटे पुराने प्रतीत हो रहे हैं। पुलिस ने उनकी शिनाख्त के लिए आसपास के थानों में हुलिया भेज दिया है।

# सीआईडी के सब इंस्पेक्टर के सूने मकान से चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी में नकबजनों और चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि वह पुलिस कर्मचारियों के मकान को भी निशाना बनाने से बाज नहीं आ रहे हैं। नकबजनों ने रातीबड़ स्थित कलखेड़ा में रहने वाले सीआईडी शाखा में



पदस्थ सब-इंस्पेक्टर के सूने मकान को निशाना बनाया और जेवर-नकदी ले गए। घटना के समय सब-इंस्पेक्टर शादी की साल गिरह का जश्न मनाने गए थे। बदमाशों ने उनके घर के सामने वाले मकान में भी सेंधमारी की है। उनके मकान से ज्यादा कुछ नहीं गया और उन्होंने शिकायत नहीं की।

पुलिस के अनुसार देवलोक ग्रीन्स कॉलोनी, कलखेड़ा रोड, रातीबड़ निवासी रामभरोसे शर्मा पिता शिवनाथ प्रसाद शर्मा, सीआईडी शाखा में सब-इंस्पेक्टर हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को उनकी शादी की 38वीं साल गिरह थी। साल गिरह का जश्न मनाने वह दोपहर दो बजे पत्नी और बेटी-दामाद समेत परिवार के साथ महादेव पानी गए थे। वहां से रात करीब 9 बजे परिवार घर लौटा तो पता चला कि मेन गेट पर लगा ताला टूटा है। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि आलमारी खुली है और सारा सामान बिखरा पड़ा था। आलमारी में रखे उनकी पत्नी ज्योति शर्मा की चार सोने की अंगूठी, दो जोड़ी चांदी की पायल, एक मंगलसूत्र. एक पेंडिल नहीं थे। इसके अलावा करीब 12 हजार रुपए नकदी बदमाश लेकर गए है।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित गौरीशंकर आवासीय परिसर में एलआईजी 11 में रहने वाले वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश परिजन ने सोमवार सुबह करीब सवा सात बजे के आसपास दुपट्टे के फंदे के सहारे सिलिंग फेन के हुक में लटकी देखी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी है। सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके है।

एसआई शिवबाबू त्रिपाठी ने बताया कि अभिषेक पिता पप्पू धौलपुरिया

**नाना नानी के पास रह रहा था मृतक**



(18) एलआईजी 11/408 में अपने नाना नानी के साथ रह रहा था। दरअसल, अभिषेक की मां की शादी गुना में हुई थी। पिता ने मां को छोड़ दिया और मां यहां मायके में बेटी शिवानी और बेटे अभिषेक के साथ रहने लगी थी। कुछ समय पहले मां भी बच्चों को छोड़कर चली गई और नाना नानी ने बच्चों की परवरिश की थी। नाना नानी शिवानी की शादी कर चुके हैं। अभिषेक फिलहाल कोई काम काज नहीं कर रहा था। वह घर पर ही रहता था।

शिवानी भी ससुराल से आई हुई है। शिवानी ने बताया कि रात में करीब एक बजे अभिषेक अपने कमरे में सोने के लिए चले गया था। सभी लोग सो रहे थे। सुबह करीब सवा 7 बजे शिवानी की नींद खुली तो उसने भाई को फांसी के फंदे पर लटका देखा। पुलिस का कहना है कि मृतक के पास मोबाइल भी नहीं था। परिजन के विस्तृत बयान अभी नहीं हो सके है। बयान होने के बाद आत्महत्या के कारण स्पष्ट होने की उम्मीद है।

# क्रेशर खदान के तालाब में डूबने से बुजुर्ग की मौत

**भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित नाथू बरखेड़ा में कल शाम तालाब में डूबने से बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार शिव नगर रातीबड़ निवासी 60 साल के भंवरलाल सूर्यवंशी सोमवार शाम घर से शौच के लिए निकले थे। इसके बाद वह नाथू बरखेड़ा स्टेडियम के पास पुरानी क्रेशर के पास बने तालाब किनारे जा रहे थे। इस दौरान वे तालाब में गिर गए। उन्हें गिरते हुए रिश्तेदार ने देखा था। दरअसल, उनका पोता कुछ दूरी पर भैंस चरा रहा था और उसकी नजर पड़ी तो दादा भंवरलाल तालाब में गिर चुके थे। उसने शोर मचाया तो कुछ लोग मदद के लिए आए और भंवरलाल को तालाब से बाहर निकाला गया?था, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी।

# ड्राइवर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित पिपलिया पेंदे खां में कल शाम एक ड्राइवर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसे फांसी के फंदे पर लटका देख परिजन एम्स लेकर पहुंचे थे। वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

पुलिस के अनुसार सादिल खान पिता फरीद खान (20) पेशे से ड्राइवर था और प्राइवेट गाड़ी चलाता था। परिजन ने पुलिस को बताया कि कल शाम करीब साढ़े 4 बजे के आसपास उसने अपने कमरे में पंखे के हुक में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर एम्स लेकर पहुंचे थे, वहां प्राथमिक जांच में ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# खेत की बागड़ के पास मिला बुजुर्ग का शव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित पचोरी पेट्रोल पंप के पीछे खेत में एक बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई। कल शाम मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने बुजुर्ग का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया है। शव दस से बारह घंटे पुराना होने के कारण खेत की चीटियां शव को खाने लगी थी। मृतक के पास ऐसा कोई?भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की



उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस का कहना है?कि खेत के पास ही क्रेशर जाने के लिए रास्ता बना हुआ है। अनुमान है?कि मृतक क्रेशर में काम करने वाला या फिर काम करने वाले का रिश्तेदार हो सकता है। उसकी उम्र करीब 55 साल के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस इलाके में मृतक का हुलिया दिखाकर उसकी शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है।

**मेट्रो एंकर** बीना से भोपाल आ रहे थे युवक, बैरसिया के पास हादसा

# पिकअप ने बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव भैंसोदा में कल रात करीब साढ़े 8 बजे के आसपास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल युवकों को एंबुलेंस हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची थी, वहां एक युवक को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले पिकअप वाहन और चालक की तलाश कर रही है।



फाइल फोटो

पुलिस के अनुसार मनोज कुमार नामदेव पिता राजेंद्र प्रसाद नामदेव (25) बीना, जिला सागर का रहने वाला था और प्राइवेट काम करता था। कल रात करीब वह बीना से भोपाल आ रहा था। इस दौरान उसके साथ अन्नू पिता हरिमोहन (26) भी बाइक पर बैठा था। दोनों गांव भैंसोदा तक पहुंचे ही थे कि भोपाल से बैरसिया की तरफ जा रहे पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों को गंभीर चोट थी और वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से उन्हें हमीदिया अस्पताल पहुंचाया था। अस्पताल में रात करीब 11 बजे के आसपास डॉक्टर ने मनोज कुमार को मृत घोषित कर दिया। मनोज के परिजन को घटना की सूचना पुलिस से मिल गई थी। वे रात में ही भोपाल पहुंच गए थे। आज पीएम के बाद परिजन से पूछताछ की जाएगी। पुलिस का कहना है कि हादसा कैसे हुआ यह कह पाना मुश्किल है। अभी घायल अन्नू बयान देने की स्थिति में नहीं है। प्रारंभिक पूछताछ में यह पता चला है कि भैंसोदा गांव में उनकी बाइक को पिक अप वाहन ने टक्कर मारी थी।

## कुएं में गिरने से 90 साल की बुजुर्ग महिला की मौत

**भोपाल।** शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित लक्ष्मण नगर में घरों के बीच बने कुएं में गिरने से 90 साल की बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बुजुर्ग का शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि अति बुजुर्ग महिला को दिखाई भी कम देता था और सुनाई भी कम आता था। अनुमान है कि उनके साथ हादसा हुआ है। पुलिस के अनुसार 90 साल की अनारबाई लक्ष्मण नगर में परिवार के साथ रहती थी। परिजन ने बताया कि अनारबाई उम्रदराज होने के कारण काफी कमजोर हो गई थी, लेकिन वह चलती थी और अक्सर घूमने निकल जाती थी। सोमवार सुबह भी वह घूमने के लिए निकली थी। इसके बाद घर नहीं लौटी। परिजन उनकी तलाश करने निकले तो कुछ लोगों ने बताया कि वह कुएं में गिर गई?है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022